दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



78 साल के कान फेस्टिवल एक्टर अशोक ने में मचाई धूम

एक बार धोखेबाज का टैग लग गया तो हटता नहीं

वर्ष : 12 | अंक : 148 | लखनऊ, 21 मई, गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप




### 8 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगा मेटा

सिंगापुर। मेटा अपनी कुल वर्कफोर्स 78000 का करीब 10 प्रतिशत हिस्सा यानी लगभग 8 हजार कर्मचारियों को बाहर कर रहा है। एआई के इस प्रक्रिया की शुरुआत सिंगापुर के ऑफिस से हुई। यहां प्रभावित कर्मचारियों को स्थानीय समयानुसार सुबह 4 बजे (भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे) नौकरी से निकाले जाने के ईमेल मिले। अब कंपनी दुनिया भर में अपने अलग-अलग टाइम जोन के हिसाब से इसी तरह से सूचनाएं भेज रही है। कंपनी ने पहले कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने का निर्देश दिया था।
और उसके बाद बुधवार तड़के ईमेल भेजकर नौकरी खत्म होने की सूचना दी गई।

### एनडीए के 150वें कोर्स की पासिंग आउट परेड 30 को

नई दिल्ली। नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) के 150वें कोर्स की भव्य पासिंग आउट परेड 30



मई को खड़कवासला स्थित खेतरपाल परेड ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी इस समारोह की समीक्षा करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, स्प्रिंग टर्म 2026 की इस परेड में सेना, नौसेना और वायुसेना के कुल 355 कैडेट्स प्रशिक्षण पूरा कर पास आउट होंगे। यह समारोह कैडेट्स, उनके अभिभावकों और प्रशिक्षकों के लिए गर्व और भावनाओं से भरा महत्वपूर्ण क्षण होगा।

### पूर्वी चीन सागर में 6.0 तीव्रता का भूकंप

नई दिल्ली। पूर्वी चीन सागर में बुधवार की सुबह 6.0 तीव्रता का तेज भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप



विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र 27.523 डिग्री उत्तर अक्षांश और 128.418 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। भूकंप के केंद्र की गहराई 33 किमी दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र जापान के नागासाकी शहर से लगभग 597 किमी दक्षिण-दक्षिण-पश्चिम दिशा में पूर्वी चीन सागर में था। इससे कुछ देर पहले भारतीय समयानुसार सुबह 7.33 पर हिंद महासागर में भी 4.4 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया।

## भारत, दक्षिण कोरिया ने दोहराया मजबूत रक्षा संबंधों, हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अपना संकल्प

# तकनीकी रूप से सक्षम देशों के बीच महत्वपूर्ण हो गई रणनीतिक साझेदारी: राजनाथ सिंह

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

*दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच बुधवार को सियोल में हुई द्विपक्षीय बैठक से निकला है यह निष्कर्ष*

दोनों देशों ने रक्षा, साइबर प्रशिक्षण, यूएन शांति रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए समझौतों पर किए हस्ताक्षर



दुनिया के कुछ भागों में सैन्य संघर्ष चल रहे हैं। लेकिन इस चिंताजनक माहौल के बीच बुधवार को भारत और दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रियों के बीच सियोल में एक द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें रक्षा सहयोग से जुड़े हुए सभी जरूरी मुद्दों की समीक्षा करने के अलावा क्षेत्रीय-समुद्री सुरक्षा, सैन्य आदान-प्रदान, रसद, उद्योग और उत्पादन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक बढ़ाने के उपायों पर भी व्यापक रूप से विचार साझा किए गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके दक्षिण कोरिया के समकक्ष रक्षा मंत्री आन ग्यू बैक ने मजबूत रक्षा संबंधों और एक स्वतंत्र, समावेशी और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने को लेकर अपने संकल्प को दोहराया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि अपनी दो देशों की विदेश यात्रा के अंतिम पड़ाव के रूप में रक्षा मंत्री बीते मंगलवार को सियोल पहुंचे थे। जिसके तहत उनकी यह बैठक हुई।

**कोरियाई रक्षा कंपनियों को किया आमंत्रित:** बैठक से इतर उन्होंने भारत-दक्षिण कोरिया रक्षा उद्योग व्यापार गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की। जिसमें दोनों देशों के रक्षा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। राजनाथ ने कहा, इस संवाद से रक्षा विनिर्माण, सह-विकास, उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी में नए अवसरों की खोज के लिए एक महत्वपूर्ण मंच तैयार हुआ है। उन्होंने भारत के बढ़ते रक्षा औद्योगिक इकोसिस्टम और पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की स्वदेशी रक्षा विनिर्माण और वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए कोरियाई रक्षा कंपनियों को भारतीय उद्योग के साथ जुड़ाव मजबूत करने के लिए भारत यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। वाणिज्यिक क्षेत्र में बने हुए औद्योगिक सहयोग को एक सफल मॉडल के रूप में रक्षा क्षेत्र में भी विस्तारित करने का आग्रह भी रक्षा मंत्री ने किया है।

### प्रवासी भारतीयों से हुई बातचीत

रक्षा मंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान सियोल में रह रहे प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की। जिसमें उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बढ़ती भारत की छवि का जिक्र किया और कहा कि 12-13 साल पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। लेकिन आज भारत जब वैश्विक स्तर पर बोलता है। तो पूरी दुनिया उसकी बात को बड़े ही ध्यान से सुनती है। हमारा देश अब वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है, जो विश्व को समाधान प्रदान करता है। अंतरिक्ष सुरक्षा से लेकर बाह्य सुरक्षा तक हमारी नीति बदली है। अब यह दृढ़, साहसी, सुसंगत और निर्णायक बन गई है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को एक मजबूत, आत्मविश्वासी और सक्षम राष्ट्र में परिवर्तन का प्रमाण बताया। साथ ही कहा, यह अभियान इस बात का सबूत है कि भारत आतंकवाद को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा। परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल न करने की नीति को लेकर कई बार लोग हमें कमजोर समझ लेते हैं। लेकिन हम अपनी इस नीति पर कायम रहते हुए भी ऐसी किसी धमकी को बर्दाश्त नहीं करेंगे। क्योंकि यही नया भारत है।

### सीमित नहीं है रक्षा विनिर्माण

रक्षा विनिर्माण अब केवल पारंपरिक प्लेटफार्मों, उपकरणों तक सीमित नहीं है। क्योंकि आधुनिक रक्षा प्रणालियां उन्नत इलेक्ट्रानिक्स, एआई, साइबर प्रौद्योगिकियों, सेंसर, क्वांटम प्रौद्योगिकियों, स्वायत्त प्रणालियों और अंतरिक्ष आधारित क्षमताओं द्वारा संचालित हैं। रक्षा क्षेत्र का भविष्य तेजी से नवाचार करने, तमाम क्षेत्रों में प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करने की क्षमता पर निर्भर करेगा। इस क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग की काफी संभावनाएं मौजूद हैं। अपनी इस यात्रा में रक्षा मंत्री ने सियोल में कोरियाई युद्ध में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को कोरियाई युद्ध कब्रिस्तान में जाकर पुष्पांजलि अर्पित की।

### इन क्षेत्रों में हुए समझौतों पर हस्ताक्षर

दोनों देशों के बीच रक्षा, साइबर प्रशिक्षण और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत बनाने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। राजनाथ सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए दक्षिण कोरिया से आग्रह किया है कि वह भारत के साथ मिलकर उन्नत प्रौद्योगिकियों का विकास और उत्पादन करे। बदलते हुए वैश्विक परिदृश्य में दोनों देश एक साथ मिलकर काम करने के लिए पूरी तरह से सक्षम हैं। ऐसे में तकनीकी रूप से सक्षम देशों के बीच विश्वसनीय साझेदारी का अत्यधिक रणनीतिक महत्व है। वार्ता में दोनों पक्षों ने भारत की पूर्व की ओर देखो नीति और दक्षिण कोरिया के क्षेत्रीय रणनीतिक दृष्टिकोण के बीच बढ़ते तालमेल को भी स्वीकार किया। रक्षा साइबर क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत के राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय और कोरिया के राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के बीच प्रशिक्षण, यूएन शांतिरक्षा सहयोग पर समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। जिससे दोनों देशों की आपसी साझेदारी और अधिक मजबूत व बहुआयामी बन गई है। राजनाथ ने कोरिया के रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रशासन मंत्री ली योंग चुल से भी मुलाकात की है। जिसमें संयुक्त विकास, उत्पादन और निर्यात को लेकर रास्ते बनाने के सहयोगात्मक प्रयासों का लाभ उठाने पर सहमति जताई गई। रक्षा नवाचार इकोसिस्टम तंत्र से जुड़े एक रोडमैप पर चर्चा की गई। एल एंड टी (भारत) और कोरिया की हनवा कंपनी लिमिटेड के बीच दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिससे रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ेगा।

## प्रधानमंत्री ने की इटली के राष्ट्रपति से शिष्टाचार मुलाकात

# संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के लिए दिए सहयोग के लिए जताया आभार

*प्रधानमंत्री मेलोनी के साथ ऐतिहासिक कोलोसियम देखने भी गए पीएम मोदी*



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपनी इटली यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेला से राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच भारत और इटली की मित्रता से संबंधित तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने आपसी संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रदान किए गए सहयोग और नेतृत्व को लेकर विशेष तौर पर राष्ट्रपति मैटारेला के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी में हो रही प्रगति पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापार, निवेश, विज्ञान-प्रौद्योगिकी, शोध-नवाचार, रक्षा-सुरक्षा, अंतरिक्ष, ऊर्जा, एआई, जटिल तकनीक, शिक्षा, उभरती हुई तकनीक, संस्कृति और आमजन के बीच मौजूदा संबंधों के मामले पर चर्चा की गई है।

**आईमैक के महत्व पर दिया जोर :** प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति सर्जियो की बातचीत में बीते वक्त में भारत-ईयू के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर भी चर्चा की गई। जिसे लेकर यह माना गया कि इसकी मदद से दोनों देशों की साझेदारी में भी एक नई गति देखने को मिली है। समुद्री सुरक्षा, डिजिटल कनेक्टिविटी और ऊर्जा सप्लाई को लेकर मल्टीमॉडल भारत-मध्य-पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईमैक) के महत्व पर दोनों दिग्गज नेताओं ने अपनी वार्ता के दौरान विचारों का आदान-प्रदान किया है। वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों को इस बातचीत में शामिल किया गया। साथ ही पश्चिम-एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों को लेकर भी पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैटारेला ने चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय कानून, नौवहन की स्वतंत्रता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान को लेकर दोनों ने साझा प्रतिबद्धता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति मैटारेला के भावपूर्ण आतिथ्य सत्कार के लिए उनका धन्यवाद करते हुए एक साझा सहमति से तय किए गए समय पर उन्हें भारत की यात्रा करने के लिए निमंत्रण दिया है।

### पीएम ने एक्स पर की पोस्ट

पीएम मोदी ने इटली के राष्ट्रपति से हुई अपनी इस मुलाकात को लेकर एक्स पर एक पोस्ट साझा की। जिसमें लिखा, 'मैंने रोम में राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेला से मुलाकात की। हमने भारत और इटली के बीच मित्रता से जुड़े हुए तमाम पहलुओं पर चर्चा की है। जिसमें व्यापार, निवेश, सांस्कृतिक संबंध शामिल हैं। साथ ही हमने इस बात पर भी विचार किया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), महत्वपूर्ण खनिज, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्र हमारे दोनों देशों के लिए सहयोग के क्षेत्र कैसे बन सकते हैं'?

### ऐतिहासिक कोलोसियम भी गए पीएम मोदी

वहीं, इटली में प्रधानमंत्री जॉर्जियो मेलोनी ने पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम ने उन्हें पारंपरिक भारतीय अंदाज में नमस्ते कहा और उसके साथ ही दोनों नेताओं के चेहरे पर चमक के साथ मुस्कान छा गई। फिर उन्होंने गर्मजोशी से एक-दूसरे से हाथ मिलाया। दोनों नेताओं की इस तस्वीर ने भी सोशल मीडिया पर खूब वाहवाही लूटी, ट्रेंड में रही। अपनी इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी इतालवी पीएम मेलोनी के साथ ऐतिहासिक कोलोसियम (स्मारक) देखने के लिए भी गए। यह कोलोसियम लगभग 2 हजार साल पुराना होने के साथ-साथ प्राचीन रोमन साम्राज्य का एक विशाल और प्रसिद्ध एम्फीथिएटर है। जो दुनिया के सात अजूबों में से एक के रूप में भी जाना जाता है। कोलोसियम में भी दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच केमिस्ट्री देखते ही बन रही थी। दोनों नेताओं ने कोलोसियम में एक साथ कुछ तस्वीरें भी लीं। जो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से ट्रेंड करती नजर आईं।

## 140 फाइटर जेट और 65000 सैनिक शामिल

# रूस ने बेलारूस के साथ मिलकर परमाणु अभ्यास शुरू किया, आज अंतिम दिन

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



यूक्रेन युद्ध के बीच रूस ने अपने पड़ोसी बेलारूस के साथ मिलकर 3 दिन तक चलने वाला परमाणु सैन्य अभ्यास शुरू किया है। इस अभ्यास में 200 रॉकेट लांचर, 140 एयरक्राफ्ट, 73 युद्धपोत, 65 हजार सैनिक सैनिक और 13 सबमरीन हिस्सा ले रही हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इस परमाणु अभ्यास में कुल 7800 टाइप के हथियार और सैन्य उपकरण शामिल किए जा रहे हैं। 19 मई से शुरू हुआ अभ्यास 21 मई तक चलेगा। रूस की इस्कंदर एम मिसाइल की रेंज 500 किमी है। यह मिसाइल परमाणु के साथ परंपरागत दोनों ही तरह के हमले कर सकती है। इस अभ्यास से यूरोप के नाटो देश जहां दहशत में हैं, वहीं यूक्रेन ने बहुत तीखी प्रतिक्रिया जताई है। यह अभ्यास ऐसे समय पर हो रहा है जब रूसी राष्ट्रपति पुतिन चीन के दौरे पर हैं जहां उन्होंने कई समझौतों पर हस्ताक्षर किया है। यूक्रेन ने रूस पर भीषण ड्रोन हमलों को तेज कर दिया है।

## पंजाबी गायिका यशइंदर कौर की हत्या में खुलासा

# कनाडा निवासी सुखविंदर एकतरफा प्यार में था, वारदात कर विदेश भागा

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



एकतरफा प्यार में एनआरआई युवक ने पंजाबी गायिका यशइंदर कौर उर्फ इंदर कौर की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में पता चला है कि मोगा के भलूर गांव निवासी सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा उन पर शादी का दबाव बना रहा था। इंदर कौर को जब पता चला कि आरोपी शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं तो उन्होंने विवाह से इनकार कर दिया। इससे बौखलाए आरोपी ने कनाडा से आकर अपने साथियों के साथ मिलकर रास्ते में उनकी कार रोक ली और गन पॉइंट पर अगवा कर लिया। बाद में हत्या कर शव नहर में फेंक दिया। आरोपी खास तौर पर कनाडा से बदला लेने पंजाब आया था और वारदात के बाद फिर विदेश भाग गया। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है और मुख्य आरोपी को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हत्याकांड में थाना जमालपुर पुलिस ने दो आरोपियों कर्मजीत सिंह और प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश करने के बाद दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

# 'आईओएस सागर' से समुद्री मित्रता को नई उड़ान

### 16 देशों के नौसैनिकों संग लौटा भारत



*कोच्चि। समुद्री लहरों पर कई सप्ताह तक सहयोग, प्रशिक्षण और साझेदारी का संदेश देने के बाद भारतीय नौसेना का आईओएस सागर-26 मिशन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस ऐतिहासिक मिशन के तहत तैनात आईएनएस सुनयना बुधवार को कोच्चि लौट आया। यहां इस नौसैनिक जहाज का भव्य फ्लैग-इन समारोह में स्वागत किया गया। यह समारोह हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की बढ़ती समुद्री भूमिका, मित्र देशों के साथ मजबूत होते रिश्तों और साझा सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक बना। इंडियन ओशियन शिप (आईओएस) सागर-26 मिशन 'वन ओशन, वन मिशन' की भावना पर आधारित था।*

# 23 से 26 मई तक होगा अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो का भारत दौरा

*क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में संभावित भागीदारी के अलावा होर्मुज के मुद्दे पर हो सकती है चर्चा*

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच पहली बार अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो इस सप्ताह शनिवार 23 मई से लेकर 26 मई तक भारत की चार दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। राष्ट्रीय राजधानी में उनकी भारत के वरिष्ठ मंत्रियों जैसे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर व अन्य लोगों के साथ द्विपक्षीय बैठकें होंगी। रुबियो की इस यात्रा के दौरान वह भारत की मेजबानी में आयोजित की जाने वाली क्वाड देशों की बैठक में भाग ले सकते हैं। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बुधवार को यह जानकारी दी है। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री की भारत यात्रा में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा जैसे अहम मामलों पर चर्चा की जा सकती है। इसके अलावा होर्मुज जलडमरूमध्य में स्वतंत्र समुद्री नौवहन को बनाए रखने, क्षेत्रीय स्थिरता और चीन से जुड़े राजनयिक घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किए जाने की उम्मीद है। अपनी चार दिनी यात्रा में वह नई दिल्ली के अलावा कोलकाता, आगरा और जयपुर भी जाएंगे।



**भारत से पहले स्वीडन जाएंगे रुबियो :** वहीं, भारत यात्रा से पहले मार्को रुबियो 22 मई को स्वीडन के हेलसिंगबोर्ग में नाटो के विदेश मंत्रियों की बैठक में शिरकत करेंगे। यहां बता दें कि उनकी यह भारत यात्रा एक ऐसे समय पर हो रही है। जब बीते दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन की आधिकारिक यात्रा पर थे।

## मेघालय में बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास 'प्रगति-2026' का शुभारंभ

# क्षेत्रीय सहयोग और सामूहिक सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

मेघालय के उमरोई सैन्य स्टेशन में मंगलवार को बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास 'प्रगति-2026' का शुभारंभ हुआ। इस अभ्यास में भारत सहित 12 मित्र देशों की सेनाएं भाग ले रही हैं। इस सैन्य अभ्यास में भूटान, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, फिलीपींस, सेशेल्स, श्रीलंका और वियतनाम की सैन्य टुकड़ियां भाग ले रही हैं। यह अभ्यास क्षेत्रीय सहयोग और सामूहिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। 'प्रगति' यानी 'हिंद महासागर क्षेत्र में विकास और परिवर्तन के लिए क्षेत्रीय सेनाओं की साझेदारी' समानता, मित्रता और आपसी सम्मान की भावना पर आधारित है। यह मंच भाग लेने वाली सेनाओं को अनुभव साझा करने, पेशेवर आदान-प्रदान करने और आपसी सैन्य संबंध मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है।

12 मित्र देशों की सेनाएं ले रहीं हिस्सा

सैन्य संबंध बढ़ाने का अहम कार्यक्रम



बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास 'प्रगति-2026' में भाग लेते अधिकारी

### आतंकवाद-रोधी अभियानों पर रहेगा फोकस

दो सप्ताह तक चलने वाले इस अभ्यास में अर्ध-पहाड़ी और जंगल क्षेत्रों में आतंकवाद-रोधी अभियानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयुक्त योजना अभ्यास, सामरिक स्तर के अभियान और समन्वित सैन्य संचालन शामिल होंगे। इस दौरान सैनिकों की अनुकूलन क्षमता, सहनशक्ति और सामरिक दक्षता को बेहतर बनाने पर जोर रहेगा। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में संचालन के दौरान शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और तालमेल को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

### आत्मनिर्भर भारत की झलक भी दिखेगी

*अभ्यास के दौरान भारतीय प्रौद्योगिकी और रक्षा कंपनियां 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत विकसित स्वदेशी रक्षा उपकरणों और तकनीकी नवाचारों का प्रदर्शन करेंगी। इससे भाग लेने वाले देशों के बीच ज्ञान साझा करने और रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।*

### सामूहिक भागीदारी अहम

*भारतीय सेना के अपर महानिदेशक (इन्फैंट्री) मेजर जनरल सुनील शेओरान ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिभागियों से खुलेपन, आपसी सम्मान और एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने की भावना के साथ अभ्यास में शामिल होने का आह्वान किया।*

## तीसरे बड़े मंगल पर उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।राजधानी लखनऊ के रुस्तम विहार कॉलोनी में माह के तीसरे बड़े मंगल पर उमड़ी भक्तों की भारी भीड़ रमेश गुप्ता के नेतृत्व में हुआ भव्य भंडारे का आयोजन।ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को भंडारे की परंपरा वर्षों पुरानी है। इस दिन लोग बजरंग बली के नाम पर सुंदर कांड पाठ के बाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसी क्रम में सरोजनी नगर क्षेत्र रुस्तम बिहार नियर मदीना मस्जिद के पास ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन रमेश गुप्ता एवं समस्त परिवार वह मोहल्ले वासी का भी सहयोग रहा। भंडारे में प्रसाद के रूप में बूंदी शर्बत वह सब्जी पुरी की व्यवस्था की गई बड़ी संख्या में भक्तों की उमड़ी भारी भीड़ यहां लाइन में लगकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भंडारे में लोग लंबी कतारों में लगकर लगातार प्रसाद लेते रहे। इस अवसर पर हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## ट्रांसफार्मर ना बदले जाने से बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनी नगर क्षेत्र के शारदा नगर विस्तार (बिजनौर) स्थित आयोध्यापुरी फेज-2 में करीब साल भर पहले खराब हुआ 75 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर अब तक ना बदले जाने से स्थानीय निवासी काफी परेशान हैं। उन्होंने इसको लेकर बिजली विभाग पर लापरवाही और अनदेखी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि करीब 25 लाख रुपये की लागत से खरीदा गया ट्रांसफार्मर जलने के बाद विभाग मरम्मत के नाम पर अपने साथ ले गया, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बावजूद उसे वापस नहीं लगाया गया।स्थानीय लोगों के मुताबिक ट्रांसफार्मर की खरीद और जमा रसीदें उनके पास मौजूद हैं। उनका कहना है कि इस दौरान क्षेत्र में दो जूनियर इंजीनियर बदल चुके हैं, लेकिन दोनों अधिकारियों ने केवल आश्वासन ही दिया।कई बार लिखित शिकायतें और हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में आए दिन बिजली संकट बना रहता है।

## दहेज हत्या के आरोप में पति हिरासत में, कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने लगाया जाम

अमन लेखनी समाचार



आक्रोशित परिजनों ने मार्ग किया जाम

लखनऊ। बीते मंगलवार को विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले को लेकर बुधवार को आक्रोशित परिजनों ने मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर माल इटौंजा मार्ग जाम कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने भाई की तहरीर पर ससुरलीजनो पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का मुकदमा दर्ज कर पति को हिरासत में लेकर आगे कार्रवाई में जुटी। मिली जानकारी के अनुसार, बक्शी का तालाब ग्राम प्रथम रुदही निवासी दीपक ने मंगलवार शाम को पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी बहन सोनी (29) की शादी सात वर्ष पूर्व माल थाना क्षेत्र के पिपरी कुराखर गांव निवासी दीपराज के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर सोनी को आए दिन मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। पीड़ित का आरोप है कि पति दीपराज, सास छोटक्ना तथा जेठ कैलाश व ननद राजकुमारी आए दिन उसकी बहन के साथ मारपीट करते थे। मंगलवार को ससुराल पक्ष के लोगों ने सोनी को लात-घूंसों और डंडों से बुरी तरह पीटा और बाद में उसे जान से मारकर फांसी का रूप देने के लिए कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका दिया। पड़ोसियों से सूचना मिलने पर जब मायके पक्ष मौके पर पहुंचा तो सोनी का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। भाई दीपक ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार दोपहर को पोस्टमार्टम के बाद शव जैसे ही सैदापुर पहुंचा तभी कार्यवाही न होने से आक्रोशित मायके पक्ष के लोगों ने माल इटौंजा मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया जिसके चलते दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। मायके पक्ष के लोग कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे जिसपर पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर आवागमन सुचारू रूप से चालू कराया। इतने में वहीं मौजूद महिला पुलिसकर्मी से मैके पक्ष के लोगों ने अभद्रता की तभी पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए वहां मौजूद लोगों को खदेड़ा। परिजनों ने बुधवार शाम को शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि भाई की तहरीर पर पति दीपराज, सास छोटक्ना, जेठ कैलाश, ननद राजकुमारी पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पति को हिरासत में लेकर आगे कार्रवाई की जा रही है।

## भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर फुंका, रात में बिजली गुल रहने से ग्रामीण बेहाल

### बिजली संकट से उबला सुरगौला गांव, ट्रांसफार्मर फुंकने पर फूटा लोगों का गुस्सा

अमन लेखनी समाचार



खराब हुए ट्रांसफार्मर के चलते विरोध जताते ग्रामीण

लखनऊ। प्रचंड गर्मी के बीच मलिहाबाद विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत सुरगौला गांव में बुधवार दोपहर ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी में बिजली गुल होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल संकट के साथ-साथ दैनिक कार्य भी प्रभावित हो गए हैं। ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीण रिलेश सिंह यादव, आशीष कुमार, संदीप पांडेय, मोहम्मद अकील, आशीष साहू और जगजीवन पाल समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई बार-बार बाधित हो रही थी। इसकी शिकायत कई बार विद्युत विभाग से की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आखिरकार बुधवार दोपहर ट्रांसफार्मर अचानक खराब हो गया और पूरे गांव की आपूर्ति बंद हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी और मच्छरों के कारण रात गुजारना भारी पड़ रहा है ।बिजली न होने से लोग घरों में आराम तक नहीं कर पा रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों की हालत अधिक खराब हो रही है। इस संबंध में अवर अभियंता राजकुमार ने बताया कि समस्या की जानकारी मिलते ही विभाग सक्रिय हो गया है। बृहस्पतिवार सुबह टीम भेजकर ट्रांसफार्मर की मरम्मत कराई जाएगी और जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी

## आम के पेड़ से लटकता मिला प्रॉपर्टी कारोबारी का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक प्रॉपर्टी कारोबारी का शव आम के पेड़ से संदिग्ध हालात में लटका मिला। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बंथरा थाना क्षेत्र के गोंदौली गाँव निवासी प्रताप सिंह (43) प्रापर्टी डीलर का काम करते थे। प्रताप सिंह ने गांव में स्थित रतन की आम की बाग फसल पर ले रखी थी और रोज रात को उसकी रखवाली करने जाते थे। साथ में उनका 17 वर्षीय बेटा उत्कर्ष भी रात में बाग की रखवाली करता है ।मंगलवार को प्रताप ने बाग के पास बनी - मोहान रोड से गोंदौली गांव जाने वाली रोड के किनारे बजरंगबली का भंडारा आयोजित किया। इसके बाद वह बाग की रखवाली करने चले गए। रात करीब साढ़े 8 बजे प्रताप का बेटा उत्कर्ष सिंह जब बाग की रखवाली करने पहुंचा तो वहां का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। प्रताप सिंह आम के पेड़ से रस्सी के सहारे मृत लटके मिले। इसके बाद उसने घटना की जानकारी परिजनों को दी तो परिवार में कोहराम मच गया। बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची बंथरा पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी पत्ती के अलावा बेटा उत्कर्ष सिंह और बेटी स्वाती है ।परिजनों का कहना है कि प्रताप सिंह ने कई लोगों को ब्याज पर रुपए दे रखे थे। लेकिन वह लोग प्रताप के पैसे वापस नहीं कर रहे थे। जिसको लेकर प्रताप काफी दिनों से परेशान चल रहे थे। वहीं पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने एक ज्वेलर्स व्यवसाई सहित कई लोगों पर दिए गए 40 लाख रुपए वापस न करने का आरोप लगाया है। उसने इसी बात को लेकर आत्महत्या करने की बात लिखी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अभी मृतक के परिजनों से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बार एसोसिएशन बोला– नियम विरुद्ध गतिविधियां बर्दाश्त नहीं

### बिना बार काउंसिल पंजीकरण कोर्ट में कानूनी कार्य करने वालों पर कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार



तहसील में प्रदर्शन करते अधिवक्ता

लखनऊ। मलिहाबाद बार एसोसिएशन ने तहसील परिसर स्थित एसीपी कोर्ट में कथित रूप से बिना अधिवक्ता पंजीकरण और बार काउंसिल प्रमाणपत्र के कुछ लोगों द्वारा वकालत संबंधी कार्य किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। बुधवार को इस संबंध में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एसीपी मलिहाबाद सुजीत दुबे को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सम्राट सिंह एवं महामंत्री कमलेश कुमार द्वारा दिए गए पत्र में कहा गया कि न्यायालय में अधिवक्ताओं के अतिरिक्त यदि कोई व्यक्ति बिना वैध बार काउंसिल प्रमाणपत्र के मुकदमों की पैरवी, जमानत संबंधी कार्य अथवा अन्य कानूनी गतिविधियां करता है, तो यह नियमों के विपरीत और न्यायिक व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है। ज्ञापन में मांग की गई कि न्यायालय परिसर में यदि कोई व्यक्ति बिना बार काउंसिल रजिस्ट्रेशन के अवैध रूप से वकालत संबंधी कार्य करता पाया जाए, तो उसके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही पुलिस प्रशासन से ऐसे मामलों पर लगातार निगरानी रखने की भी अपील की गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता पेशे की गरिमा बनाए रखने और न्यायिक व्यवस्था की पारदर्शिता के लिए इस प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगना बेहद जरूरी है। वहीं लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज को लेकर भी वकीलों में भारी आक्रोश देखने को मिला। नाराज अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर के बाहर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पूर्व महामंत्री राम सिंह यादव, वीरेंद्र प्रताप सिंह, राघवेंद्र सिंह, मोहम्मद मुदस्सिर, सतोंम सिंह यादव, नमन यादव, रिलेश यादव, संजीत, देवेंद्र सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## ससुराल आए रैपिडो चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिवार में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



मृतक रवि फाइल – फोटो

लखनऊ। लखनऊ के वजीरगंज निवासी एक रैपिडो चालक की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, वजीरगंज के अस्तबल चारबाग मौलवीगंज निवासी रवि कश्यप (42) मंगलवार दोपहर अपनी पत्नी अलका और बेटियों यशवी, भूमि व क्रिस्टल के साथ स्कूटी से माल थाना क्षेत्र के नबीपनाह गांव स्थित अपनी ससुराल पहुंचे थे। परिजनों के मुताबिक, घर पहुंचने के बाद रवि ने खाना खाया और आराम करने चले गए। साले श्लोक कश्यप ने बताया कि काफी देर तक जब रवि कमरे से बाहर नहीं आए तो भाई आलोक ने उन्हें जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह बिस्तर पर निढाल पड़े मिले। यह देखकर परिवार में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर पहुंचने पर डॉक्टरों ने रवि को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। देर शाम गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। रवि की अचानक मौत से परिवार और रिश्तेदारों में शोक की लहर है।

## अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय में प्रथम शैक्षणिक उत्कृष्टता सम्मान एवं अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार








**लखनऊ।** अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय के इतिहास में एक और गौरवपूर्ण एवं यादगार अध्याय जुड़ गया, जब विद्यालय में पहली बार शैक्षणिक उत्कृष्टता सम्मान समारोह एवं अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन अत्यंत गरिमा, उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजना स्वामी तथा अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जो ज्ञान, प्रकाश एवं सद्बुद्धि का प्रतीक है। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक गणेश वंदना ने पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं सांस्कृतिक गरिमा से ओत-प्रोत कर दिया।

शैक्षणिक उत्कृष्टता सम्मान समारोह के अंतर्गत नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन, उपस्थिति, रचनात्मकता, संप्रेषण कौशल, संगीत, नृत्य एवं विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों ने विद्यार्थियों की अथक मेहनत, लगन, समर्पण एवं निरंतर प्रयासों को सम्मान प्रदान किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय का प्रथम अलंकरण समारोह रहा, जिसमें नव-निर्वाचित छात्र नेतृत्वकर्ताओं को औपचारिक रूप से उनके दायित्व सौंपे गये। हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन, लिटरेरी कैप्टन, कल्चरल कैप्टन एवं कक्षा प्रतिनिधियों को बैज एवं सैश प्रदान कर सम्मानित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह के माध्यम से छात्र नेताओं ने अनुशासन, नेतृत्व, ईमानदारी एवं सेवा-भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मनमोहक नृत्य एवं मधुर संगीत प्रस्तुतियों ने समारोह में ऊर्जा एवं उत्साह का संचार किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए परिश्रम, विनम्रता, आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि यह उपलब्धि केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा का परिणाम नहीं है, बल्कि उनके माता-पिता के संघर्ष, सहयोग एवं सतत प्रोत्साहन का भी प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह समारोह न केवल विद्यालय की उपलब्धियों का उत्सव था, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं उत्कृष्टता की भावना विकसित करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल भी सिद्ध हुआ। अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय में आयोजित यह समारोह भविष्य में उत्कृष्ट परंपराओं की एक सशक्त शुरूआत के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा।

## प्राधिकरणों में रजिस्ट्री व स्टाम्प चोरी पर कसेगा शिकंजा

### एग्रीमेंट, पट्टों, अपंजीकृत दस्तावेजों की गहन जांच कराने के आदेश

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश में विकास प्राधिकरणों के जरिए होने वाली जमीन और फ्लैटों की रजिस्ट्री में स्टाम्प शुल्क चोरी के खेल पर अब बड़ा शिकंजा कसे जाने की तैयारी है। करोड़ों रुपये के राजस्व नुकसान और अनियमितताओं की शिकायतों के बाद प्रदेशभर में विशेष जांच अभियान शुरू कर दिया गया है। महानिरीक्षक निबंधन नेहा शर्मा ने सभी जिलों को सख्त निर्देश जारी करते हुए प्राधिकरणों में हुए एग्रीमेंट, पट्टों और अपंजीकृत दस्तावेजों की गहन जांच कराने के आदेश दिए हैं।

आदेश के बाद विकास प्राधिकरणों, बिल्डरों और दस्तावेज तैयार कराने वाले नेटवर्क में हड़कंप मच गया है। यह विशेष अभियान 5 जून तक चलाया जाएगा, जिसके दौरान पुराने मामलों की भी पड़ताल होगी। महानिरीक्षक निबंधन के निर्देश के अनुसार, जहां किसी विलेख या दस्तावेज के आधार पर नामांतरण किया गया है, वहां यह जांची जाएगी कि संबंधित दस्तावेज का पंजीकरण अनिवार्य था या नहीं। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि उस पर देय स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क नियमानुसार जमा किया गया या नहीं।

जांच के दायरे में पट्टा, किरायानामा, संपत्ति हस्तांतरण और अपंजीकृत एग्रीमेंट से जुड़े सभी दस्तावेज शामिल किए गए हैं। विभाग को आशंका है कि कई मामलों में संपत्तियों की कम कीमत दिखाकर या बिना पंजीकरण वाले एग्रीमेंट के जरिए सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया गया। ई-स्टाम्प के दुरुपयोग की शिकायतों को भी गंभीरता से लिया गया है। जांच में यह देखा जाएगा कि इस्तेमाल किए गए ई-स्टाम्प संबंधित उप निबंधक कार्यालय में नियमानुसार लॉक कराए गए थे या नहीं।

अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जहां भी स्टाम्प शुल्क चोरी, अपवंचना या अन्य अनियमितता सामने आए, वहां तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जांच पूरी होने के बाद सभी जिलों को विस्तृत रिपोर्ट मुख्यालय भेजनी होगी। माना जा रहा है कि इस अभियान के जरिए न केवल पुराने फजीर्वाड़ों की परतें खुलेंगी, बल्कि रियल एस्टेट सेक्टर और विकास प्राधिकरणों में चल रहे गड़बड़ी के नेटवर्क पर भी बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

## बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में सतत दंत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के पेरियोडॉन्टोलॉजी विभाग ने इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरियो डॉन्टोलॉजी एंड इम्प्लांटोलॉजी के सहयोग से 15 मई 2026 को सतत दंत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम INTEGRAT का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का विषय था पेरियो-प्लास्टिक सर्जरीज एंड मैग्निफिकेशन क्राफ्टिंग प्रिसिजन एंड परफेक्शन । इस कार्यक्रम पेरियोडॉन्टोलॉजी के महत्वपूर्ण क्षेत्र को प्रकाशित किया,जिसमें मसूड़ों के रोगों का निदान, उपचार और डेंटल इम्प्लांट्स की उन्नति शामिल है। यदि प्रारंभिक अवस्था में उपचार न किया जाए तो मसूड़ों के रोग विश्व स्तर पर उपचार परिणामों में चुनौती बने रहते हैं। हालांकि, प्रौद्योगिकी में उन्नति के साथ, उपचार परिणामों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस कार्यक्रम में लखनऊ और आस-पास के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें दो व्याख्यान और दो अलग-अलग व्यावहारिक हैंड्स-ऑन सत्र आयोजित किए गए, जिनका मार्गदर्शन दो प्रख्यात वक्ताओं ने किया, जिन्होंने असाधारण स्पष्टता, गहराई और दक्षता के साथ अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए।डॉ. मीनू तनेजा भसीन, एमडीएस, प्रोफेसर, सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, फरीदाबाद एवं डॉ. रश्मि हेगड़े, प्रोफेसर, एम ए रंगूनवाला कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, पुणे थे।

डॉ. भसीन की प्रस्तुति पेरियोडॉन्टल सर्जरी में समकालीन सॉफ्ट टिश्यू मैनेजमेंट में सिटीजी हार्वेस्टिंग प्रोटोकॉल, जुक्केली विधि द्वारा डी-एपिथेलाइज्ड सिटीजी की बारीकियों, सिंगल और मल्टीपल दांतों की रिसेशन के लिए कोरोनली एडवांस्ड फ्लैप तकनीक, उन्नत टनलिंग प्रक्रियाएं और विस्टा तकनीक का विस्तार से वर्णन किया गया। प्रतिभागियों ने उनके विशेषज्ञ व्याख्यान से अमूल्य ज्ञान प्राप्त किया, जिसने उन्हें रूट कवरेज और टिश्यू ऑग्मेंटेशन के लिए परिष्कृत रणनीतियों से सुसज्जित किया।

डॉ. हेगड़े का व्याख्यान माइक्रोसर्जरी और इम्प्लांट थेरेपी में मैग्निफिकेशन की भूमिका में लूप्स और ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप के मूल सिद्धांत, नॉन-सर्जिकल पीरियोडॉन्टल थेरेपी और पेरियोडॉन्टल माइक्रोसर्जरी में उनके नैदानिक अनुप्रयोग, मेम्ब्रेन के उपयोग को समाप्त करने वाली गाइडेड टिश्यू रिजनरेशन की पुनर्परिभाषित अवधारणाएं, रूट कवरेज के लिए पिनहोल सर्जिकल तकनीक, सॉफ्ट टिश्यू ऑग्मेंटेशन में सिटीजी हार्वेस्टिंग के लिए सिंगल इंसिजन विधियां और इम्प्लांट माइक्रोसर्जरी की उन्नतियां शामिल थीं। प्रतिनिधियों ने व्यावहारिक जानकारी का भंडार प्राप्त किया, जिससे उनके सटीकता-संचालित कौशल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

पशु जबड़े के मॉडल पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन में आयोजित हैंड्स-ऑन कार्यशालाओं ने प्रतिनिधियों को परिवर्तनकारी, कौशल-निर्माण का अनुभव प्रदान किया। डॉ. भसीन के नेतृत्व में पहले सत्र में, प्रतिभागियों ने कनेक्टिव टिश्यू ग्राफ्ट प्राप्ति के साथ एकीकृत टनलिंग तकनीक, कोरोनली एडवांस्ड फ्लैप निष्पादन और पैलेटल ग्राफ्ट हार्वेस्टिंग में महारत हासिल की, जिससे मिनिमली इनवेसिव रूट कवरेज में व्यावहारिक दक्षता को बढ़ावा मिला। डॉ. हेगड़े द्वारा निर्देशित दूसरे सत्र में ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप के अनुप्रयोग, मल्टीपल जिंजाइवल रिसेशन के लिए पिनहोल सर्जिकल तकनीक, एमडोगेन रीजेनरेटिव प्रोटोकॉल, और डायरेक्ट लूप, वर्टिकल मैट्रेस, इंटरनल मैट्रेस, तथा लॉरेल लूप वेरिएंट सहित माइक्रोसर्जिकल स्यूचरिंग पर गहन अभ्यास किया गया। पैपिला प्रिजर्वेशन तकनीकों में न्यूनतम फ्लैप रिफ्लेक्शन के साथ और कम से कम पांच उन्नत माइक्रोस्यूचरिंग विधियों में दक्षता हासिल की; सबएपिथेलियल सिटीजी हार्वेस्टिंग के लिए सिंगल इंसिजन (हर्जेलर) दृष्टिकोण; फुल और पार्शियल थिकनेस में नॉन-स्कैलप्ड इंसिजन; फ्लैप डिजाइन, टनल निर्माण, और ग्राफ्ट स्टेबिलाइजेशन – इन सटीक शिल्पों में व्यापक महारत सुनिश्चित करते हुए।

प्रमुख अधिगम उद्देश्य प्राप्तः फ्लैप डिजाइन, टनल निर्माण, ग्राफ्ट स्टेबिलाइजेशन, और विभिन्न प्रकार के इंसिजन पर माइक्रोस्यूचरिंग में सटीकता।इस कार्यक्रम ने पेरियोडॉन्टोलॉजी के व्यापक दायरे को रेखांकित किया, रूट कवरेज प्रक्रियाओं, मिनिमली इनवेसिव तकनीकों और मैग्निफिकेशन-संवर्धित उपचारों को समकालीन दंत चिकित्सा के आधार स्तंभ के रूप में पुष्टि की। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. श्री कृष्ण श्रीवास्तव, प्रति-कुलपति प्रो. (डॉ.) सतीश चंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### घर में घुसकर चोरों ने कीमती सामान किया पार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने दरवाजे पर लगा ताला तोड़ कर घर के अंदर पहुंचे जहां कमरे में रखे बक्सों से सोने चांदी के आभूषण सहित अन्य कीमती सामान पार कर दिया सुबह घर में बिखरा हुआ सामान देख घटना की जानकारी हुई जिस पर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर वापस लौट गए पीडित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के कुलहा अटौरा गांव निवासी सजीवन व अशोक पुत्रगण स्व मूलचंद ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि दोनों भाई लखनऊ में रहते हैं और वही पर मजदूरी करते हैं सजीवन के दो बेटे अरुण व अमन गांव में ही रहते हैं और घर पर परचून की दुकान चलाते हैं बीती रात दोनों भाई दुकान वाले घर में सो गए वहीं दूसरे घर में ताला लगा दिया जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने दरवाजे की कुंडी काट कर अंदर पहुंचे और बक्सों मे रखे सजीवन की पत्नी के सोने चांदी के आभूषण तथा अशोक जिसका अपनी पत्नी से सम्बंध विच्छेद हो गया है उसके सोने चांदी के आभूषण बर्तन कपड़े सहित छ लाख रुपये कीमत का सामान पार कर दिया इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि सूचना मिली है जांच की जा रही है।

### फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। लोक निर्माण विभाग में कार्यरत एक मजदूर का शव गांव के बाहर पेड़ से लटकता मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थान क्षेत्र के गांव सेलापुर निवासी अमर पाल 26 वर्ष बुधवार को घर में था। दोपहर को वह घर से निकला ही था तभी परिजनों को सूचना मिली कि अमर पाल का शव चिलवल के पेड़ से दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका हुआ मिला ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक बांगरमऊ में लोक निर्माण विभाग में मजदूर के पद पर कार्य करता था ।पति की मौत से पत्नी पार्वती का रो रो कर बुरा हाल है ।दिवंगत के एक पुत्र व एक पुत्री है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने के दिए गए निर्देश

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति कम होने पर नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव ने अधीनस्थों को फार्मर रजिस्ट्री कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार ने बताया जिन गावों में फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति कम है उन गांव में जाकर फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। तहसील क्षेत्र के गांवों त्रिपुरारपुर ,पकरा खुर्द ,पकरा बुजुर्ग, ममरेजपुर, भट्टखेरवा ,मंगरायर सहित अन्य गावो में कानूनगो,लेखपाल आदि को लगाकर ग्राम वासियों को फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु अवगत कराया जा रहा है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगो को जागरूक किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा भी ग्रामों में जाकर फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा प्रतिदिन की जा रही है।

# अस्पताल परियर में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला अस्पताल में बुधवार दोपहर अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। फायर स्टेशन प्रभारी राममिलन भारती ने अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों और अन्य स्टाफ को आग लगने की स्थिति में बचाव और आग बुझाने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान कर्मचारियों को फायर सिलेंडर के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अस्पताल परिसर में आग जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना था। इसका लक्ष्य किसी भी दुर्घटना के समय तत्काल राहत और बचाव कार्य सुनिश्चित करना है। फायर स्टेशन प्रभारी राममिलन भारती ने बताया कि अस्पतालों में ऑक्सीजन सिलेंडर, विद्युत उपकरण और दवाइयों के कारण आग लगने का खतरा अधिक होता है, इसलिए सतर्कता और सही जानकारी बेहद आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान, भारती ने कर्मचारियों को आग लगने पर घबराने की बजाय सबसे पहले बिजली आपूर्ति बंद करने और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित करने की सलाह दी। उन्होंने विभिन्न प्रकार की आग और उन्हें बुझाने के अलग-अलग तरीकों के बारे में भी बताया। कर्मचारियों को यह भी समझाया गया कि आग लगने की स्थिति में मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालते समय किन सावधानियों का पालन करना चाहिए।फायर स्टेशन प्रभारी ने अस्पताल परिसर में उपलब्ध अग्निशमन यंत्रों की उपयोगिता बताई और कर्मचारियों को फायर सिलेंडर चलाने का तरीका समझाया। उन्होंने सिलेंडर का सेफ्टी लॉक खोलने, पाइप की दिशा निर्धारित करने और सुरक्षित दूरी से आग बुझाने का प्रदर्शन किया। इसके बाद अस्पताल कर्मियों और सुरक्षाकर्मियों ने स्वयं फायर सिलेंडर चलाकर अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान, अस्पताल प्रशासन ने कर्मचारियों से नियमित रूप से अग्निशमन उपकरणों की जांच करने और सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की। अस्पताल कर्मियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को रोकने में सहायक सिद्ध होंगे।

अस्पताल प्रशासन ने बताया कि आपातकालीन परिस्थितियों में सभी कर्मचारियों को बेहतर ढंग से अपनी जिम्मेदारी निभाने में सक्षम बनाने के लिए समय-समय पर ऐसे जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# डीएम ने सीएम डैशबोर्ड व आईजी आरएस पोर्टल पर विभागीय प्रगति की समीक्षा

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस पोर्टल पर विभागीय प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीण जलापूर्ति, महिला बाल विकास, लोक शिकायत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पंचायती राज, लोक निर्माण, नियोजन और पर्यटन सहित कई विभागों की खराब रैंकिंग पर असंतोष जताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सीएम डैशबोर्ड सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए सभी विभागीय अधिकारी इसे गंभीरता से लें और रैंकिंग सुधारने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी स्वयं रुचि लेकर प्रतिदिन पोर्टल का डेटा जांचें और अपनी लॉगिन आईडी व पासवर्ड सुरक्षित रखें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी अधिकारी की लापरवाही के कारण विभाग की रैंकिंग खराब होती है, तो जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान, जिलाधिकारी ने अधिकारियों को असंतुष्ट फीडबैक वाले मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि किसी भी पैरामीटर पर कमी नहीं दिखनी चाहिए और सभी विभाग लगातार सुधार की दिशा में कार्य करें। जिलाधिकारी ने साफ शब्दों में कहा कि आईजीआरएस में जिले की रैंकिंग गिरने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए शिकायत निस्तारण और विभागीय प्रगति को बेहतर बनाने का आग्रह किया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीण परेशान




अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान हैं। विद्युत विभाग द्वारा रात के समय 4 से 5 घंटे की कटौती की जा रही है, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है ।हसनगंज सब स्टेशन के ग्रामीण फीडरों में रात को 4 से 5 घंटे की अघोषित बिजली कटौती होती है ।इस भीषण उमस भरी गर्मी में बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक सभी को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।ग्रामीणों का कहना है कि विभाग द्वारा कटौती का कोई निश्चित समय नहीं है। उनके अनुसार, रात 10 बजे से शुरू होने वाली रोस्टिंग देर रात 2 बजे तक जारी रहती है, जिससे उपभोक्ताओं का जीवन दूभर हो गया है ।इस संबंध में, उपखंड अधिकारी सूर्य प्रकाश वर्मा ने बताया कि रात के समय ट्रांसमिशन द्वारा रोस्टिंग की जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कटौती का कोई निश्चित समय निर्धारित नहीं होता है।

# अच्छे अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर-उन्नाव। बोर्ड परीक्षा 2026 हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा मे विद्यालय मे सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।सम्मान पाकर छात्र खुशी से झूम उठे । तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के कस्बा भगवन्तनगर स्थित राव राम बख्श नैशनल इण्टर कालेज मे बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबंधक राजश्री सिंह व प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह ने आयोजित समारोह मे संयुक्त रूप से विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं हाई स्कूल की छात्रा दृष्टि 83.66 , ज्योति देवी 81.50 ,सलोनी80.66 ,ऐश्वी वर्मा79.50 ,आराध्या शुक्ला79.33 , महिमा 87 प्रतिशत एवं इण्टरमीडिएट के छात्र आरुष चौधरी86.60 , प्रीती सिंह 85.20 , जिष्णु कुमार84.80 ,महक83.80 दिव्यंशी शुक्ला83.40 , स्मिता 78 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया ।इस मौके पर प्रबंधक ने छात्रों को मेडल , प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया । प्रबंधक ने कहा कि विद्यालय के छात्रों ने अच्छे अंक ला कर विद्यालय का नाम रोशन किया है । आप सब कडी.मेहनत कर आगे भी विद्यालय का नाम रोशन करे ।किसी भी छात्र को कही भी किसी प्रकार की समस्या पर विद्यालय परिवार आप सब के साथ है ।प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।इस मौके पर राजा भइया निगम , रामशंकर , ज्ञान प्रताप सिंह , राम बहादुर , कृष्ण मोहन सिंह , दिवाकर सिंह , संजय तिवारी ,रामधीरज , सुशील, पवन साहू , किरणकान्त आदि उपस्थित रहे ।

# अधिवक्ता एसोसिएशन ने न्यायिक कार्य का किया बहिष्कार

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। राजधानी लखनऊ में बिना नोटिस चेंबर तोड़े जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे वकीलों पर पुलिस द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध की आंच अब तहसील स्तर तक पहुंच गई है। घटना से आक्रोशित यहाँ तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन ने बुधवार को न्यायिक कार्यों का पूर्ण बहिष्कार करते हुए कामकाज ठप रखा। अधिवक्ताओं ने पुलिस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। तहसील परिसर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया जाना बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज हमेशा न्याय और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहा है। लेकिन सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि जब तक अधिवक्ताओं को न्याय नहीं मिलेगा और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा ।इस दौरान अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए घटना की कड़ी निंदा की और एकजुटता का प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौपा। प्रदर्शन में अधिवक्ता आदित्य तिवारी , नवनीत मिश्रा ,विनोद यादव, योगेश लोधी , मुजम्मिल अहमद , महमूद आलम , आयुष शुक्ला , राज किशोर शुक्ला व विपिन दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# ज्वैलर्स की दुकान में घुसकर बदमाशों दिन दहाड़े की लूट मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित भवानीखेड़ा में बुधवार दोपहर एक ज्वेलर्स की दुकान में दिनदहाड़े लूट की वारदात से हड़कंप मच गया। चार बदमाश दुकान में घुसे, दुकानदार से मारपीट की और नकदी व चांदी के आभूषण लूटकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

दुकानदार के बेटे जय वर्मा ने बताया कि वारदात के दौरान चार बदमाश दुकान में घुसे थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इनमें से एक-दो युवक नाबालिग लग रहे थे। एक बदमाश की घनी दाढ़ी थी, जबकि दूसरे ने सिर पर अंगौछा या पगड़ी जैसा कपड़ा बांध रखा था। सभी आरोपी तीन या चार बाइकों से आए थे। परिवार के अनुसार, घटना से पहले दो युवक दुकान पर आए और आभूषणों के दाम पूछकर चले गए। करीब पांच से दस मिनट बाद चार बदमाश अचानक दुकान में घुस आए। आरोपी काउंटर फांदकर सीधे दुकानदार के पास पहुंचे और तिजोरी की चाबी मांगने लगे। उनके हाथ में बर्फ तोड़ने वाला नुकीला औजार 'सूजा' था, जिससे उन्होंने दुकानदार को धमकाया। जय वर्मा ने बताया कि उनके पिता ने तिजोरी की चाबी देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद बदमाशों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने 'सूजे' से उनके शरीर पर कई वार किए, जिससे उन्हें चोटें आईं। उनके पैर में भी खरोंच आई है। घायल दुकानदार को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। बदमाश दुकान से करीब 10 से 13 हजार रुपये नकद और काउंटर में रखे लगभग 100 से 200 ग्राम चांदी के आभूषण लूटकर फरार हो गए। वारदात के दौरान दुकान का काउंटर भी क्षतिग्रस्त हो गया। परिवार के मुताबिक पूरी घटना 10 से 15 मिनट के भीतर हुई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव ।बिहार थाना क्षेत्र के अलावलपुर मे जमीनी विवाद को लेकर हुए झगडे. के बाद संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक की मौत के बाद परिजनों ने विरोधियों पर मारपीट कर मार डालने का आरोप लगाया है । पुलिस बीमारी से स्वाभाविक मौत बता रही है । थाना क्षेत्र के अलावलपुर मे सोमवार की रात जमीन कब्जे को लेकर आपस मे लाठी डंडे चल गये थे ।जिसमे दोनों पक्षों के लगभग आधा दर्जन लोगों को गम्भीर चोटें आई थी । मंगलवार की रात सुनील कुमार 36 पुत्र हनुमान की संदिग्ध परिस्थितियों मे अस्पताल मे मौत हो गई ।जिसे परिजनों ने लड़ाई मे मारपीट के बाद घायल होने पर मौत बता कर पोस्टमार्टम हाउस मे हंगामा कर दिया ।पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने बुद्धी लाल की तहरीर पर सन्तोष , सुंदर ,मोनू व रोहित के खिलाफ व राहुल शर्मा की तहरीर पर बुद्धी लाल , अशोक , सुरेश कुमार ,



रमेश के खिलाफ मारपीट सहित जान से मारदेने की धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया था ।

थाना प्रभारी राहुल सिंह बताया कि मृतक सुनील का नाम लड़ाई झगडे.मे नही था ।वो पहले से बीमार चल रहा था ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अन्य कार्यवाही की जाएगी ।

# गायत्री कलश यात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। शांति कुंज हरिद्वार से के नेतृत्व में आयोजित आयोजित ज्योति कलश यात्रा मंगलवार को पुरवा के ग्राम मिजार्पुर -सुम्हारी, चमियानी,होते हुए मां आनंदेश्वरी देवी मंदिर शीतल गंज आदि स्थानों पर पहुंची पहुंची ।जहां मौजूद नर-नारियों के मां गायत्रीदेवी की आरती उतारी।

वक्ताओं में गायत्री परिवार के प्रदेश के उप जोन समन्वयक समर बहादुर सिंह, उप जिला जोन समन्वयक आरसी गुप्ता, परिवहन संचालक सूर्या भरद्वाज, जिला समन्वयक नरेंद्र सिंह व ब्लाक समन्वयक अधिवक्ता महेंद्र श्रीवास्तव ने मौजूद ग्रामवासियों से गायत्री मंत्र को सर्वोपरि बताते हुए प्रतिदिन गायत्री मंत्र का जाप करने का आवाहन किया ।साथ ही मन व तन में व्याप्त दुगुर्णों व व्यसनों का परित्याग करने की सलाह दी कलश यात्रा का समापन कार्यक्रम नगर के पश्चिम टोला स्थित मां आनंदेश्वरी मे किया गया ।यहां पर एक सैकड़ा से अधिक गायत्री परिजनों नें दीप यज्ञ किया ह्न इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत रेनू गुप्ता, राम कुमारी, सविता, सरोज, इंदु, मीरा, ममता, बिंदु मती, नीलम, अनीता, शांति, राजू गुप्ता, आलोक सभासद, सोमी दादा दुधे साहू, बेद प्रकाश त्रिवेदी, राजू साहू, संतोष पाल, कृपा शंकर शुक्ल, कैलाश तिवारी, पूर्व प्रधान गंगाराम साहू, सरिता अवस्थी, कुमुद अवस्थी, सुमनदेवी, रेखा त्रिपाठी, आदि तमाम लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# लुट की घटना को लेकर आईजी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज एक दिन पूर्व अचलगंज थाना क्षेत्र में दो घंटे के अंतराल में बदमाशों ने पुलिस को चुनौती देते हुए दिन दहाडे एक कोचिंग छात्र समेत चार लोगों की बाइक,पैसा,मोबाइल समेत लाखों की लूट कर हड़कंप मचा दिया था घटना के दूसरे दिन भी बदमाशों का कोई सुराग न लगने से पूरा महकमा सक्रिय रहा ।जिले में एक साथ चार चार लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाली वारदात को संज्ञान लेकर लखनऊ से सीधे थाने आए आई जी रेंज किरण एस करीब एक घंटे बंद कमरे में कप्तान,एडिशनल के अलावा अचलगंज,बीघापुर थाना प्रभारी की क्लास लगाई ।और पल पल की घटना का अपडेट लेकर सीधे घटनास्थल पर जाकर मौके का निरीक्षण किया ।मालूम हो अचलगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर चार बदमाशों ने गन प्वाइंट पर चार अलग अलग स्थानों पर लूट की वारदात को अंजाम देकर दो लोगों को कट्टे की बट से लहू लुहान कर चार बाइक लूट लिया था जिसमें ग्रामीणों के हस्तक्षेप पर दो बाइक छोड़ दो को ले जाने में सफल रहे थे। पहली घटना - बेथर-सैदपुर मार्ग पर हुई , यहां बदमाशों ने बाइक सवार छात्र अविरल से गन पॉइंट पर मोबाइल , नगदी व बाइक लेकर फरार हो गए। दूसरी घटना- बेथर से कोलुहागड़ा मार्ग पर सिंगहा के करन नाम के युवक से मारपीट कर बाइक , मोबाइल व बैग लूटकर फरार हो हुए थे। तीसरी घटना- जमेल-मैनहा मार्ग पर बाइक सवार मनीष, कौशल व विवेक की बाइक के आगे बदमाशों ने बाइक अड़ाकर रोकते हुए मनीष पर कट्टे से वारकर बाइक व मोबाइल छीनकर भाग खड़े हुए। दो बाइक पर सवार चार नकाबपोश बदमाशो ने ताबड़तोड़ लूट की वारदात देकर सनसनी फैला दी। चौथी घटना- बीघापुर थाना क्षेत्र के मैकू तेली मार्ग पर लालाखेड़ा गांव निकट हिन्दू खेड़ा निवासी मोहित जो अपनी रिश्तेदारी के गांव च्यूलियां जा रहा था उसको मारपीट कर बदमाशों ने बाइक छीन लिया था उसके शोर मचाने पर ग्रामीणों के दौड़ने पर दो

# आसमान से बरसती आग सड़कों पर छाया सन्नाटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बुधवार को भीषण गर्मी और तेज धूप ने जनजीवन को प्रभावित किया। जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से ही आसमान से आग बरसती रही, जिसके कारण दोपहर होते-होते सड़कों पर सन्नाटा छा गया ।गर्म हवाओं और तेज धूप के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजारों और प्रमुख चौराहों पर आम दिनों की अपेक्षा भीड़ कम दिखाई दी। आवश्यक काम से बाहर निकलने वाले लोग सिर और चेहरे को गमछे, तौलिया या दुपट्टे से ढककर निकले। कई लोग धूप से बचने के लिए पेड़ों और दुकानों की छांव का सहारा लेते दिखे। गर्मी का सबसे अधिक असर दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों और राहगीरों पर पड़ा। तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच काम करने को मजबूर इन लोगों को बार-बार पानी और छांव का सहारा लेना पड़ा। कई स्थानों पर लोग सिर पर पानी डालकर खुद को राहत देते नजर आए ।जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि लगातार बढ़ रही गर्मी और लू के कारण हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और उल्टी-दस्त जैसी स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं। डॉक्टरों ने विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को सतर्क रहने की सलाह दी है। चिकित्सकों के अनुसार, यदि बहुत जरूरी न हो तो दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचना चाहिए ।बाहर निकलते समय सिर को ढककर रखें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें और हल्के सूती कपड़ों का इस्तेमाल करें। भीषण गर्मी के कारण अस्पताल में गर्मी से परेशान मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। भीषण गर्मी के चलते बिजली की मांग भी बढ़ गई है, जिससे कई इलाकों में लोग कूलर और पंखों का सहारा लेते नजर आए। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है।

# संगठन ने ठेकेदारों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

## शाहजहांपुर में सड़क पर गड्ढों को लेकर प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। संगठन ने नगर निगम सहित कई विभागों पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा ।पदाधिकारियों ने बताया कि नगर निगम की लापरवाही के कारण संगठन को प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि होली वाली पाकड़ से लेकर वाल्मीकियों की पुलिया तक चार महीने से खुदाई का काम चल रहा है, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है और इस सड़क को तत्काल ठीक कराने की मांग की गई।

### नालियों की मरम्मत की भी मांग

छोटे और बड़े ककरे में व्यापक अंधेरा होने का मुद्दा उठाया गया, जहां लाइटों का कोई अता-पता नहीं है। संगठन ने घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में कम से कम 10 लाइटें लगवाने की मांग की। इसके अतिरिक्त, छोटे और बड़े ककरे की सभी गलियां व नालियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं, जिससे जलभराव हो रहा है। इन गलियों व नालियों की मरम्मत की भी मांग की गई। मंसूरी कॉलोनी में सफाई व्यवस्था और फॉगिंग कराने की मांग की गई। साथ ही, कॉलोनी में नियमित कूड़ा उठाने के लिए एक कूड़े की गाड़ी भेजने का अनुरोध किया गया। खेड़े वाली मस्जिद के पास हमेशा जलभराव रहने की समस्या को भी दूर करने की मांग की गई, जिससे आवागमन में बाधा आती है। संगठन ने हर शुक्रवार व मंगलवार को मंदिरों व मस्जिदों के आगे सफाई व्यवस्था व चूना छिड़काव कराने की मांग की। बड़ी ईदगाह से लेकर ककरे तक मिट्टी व धूल के अंबार की नियमित सफाई का भी मुद्दा उठाया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए टेढ़े नीम के पास शुद्ध पेयजल की व्यवस्था और मंसूरी कॉलोनी चौराहे पर एक बड़ी स्ट्रीट लाइट लगवाने का भी आग्रह किया गया। आने वाले संभावित त्योहारों पर साफ-सफाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की गई।

## सम्पादकीय

# गर्मी के मौसम में दोहरी सुरक्षा ही बचाएगी जान

गर्मियों का मौसम अब केवल असहनीय तापमान का पर्याय नहीं रह गया है, बल्कि यह आगजनी की घटनाओं का भी भयावह दौर ला रहा है। देशभर में कारों, बसों और ट्रेनों में अचानक आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इन हादसों में कई बार लोगों की जान चली जाती है, जबकि करोड़ों रुपये की संपत्ति भी नष्ट हो जाती है। चिंताजनक बात यह है कि अधिकांश मामलों में कारण प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही और व्यवस्था की कमजोरी होते हैं। रविवार को ही कोटा मंडल में त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के 2 कोच में आग लग गई। हालांकि सभी यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया। तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचते ही आगजनी की घटनाओं में अचानक बढ़ोतरी होना यह साबित करता है कि हमारी परिवहन व्यवस्था और व्यक्तिगत सतर्कता दोनों में गंभीर खामियां हैं। यह केवल तकनीकी खराबी या महज संयोग नहीं, बल्कि लापरवाही और कमजोर सुरक्षा तंत्र का परिणाम है। ऐसे में जान-माल की रक्षा के लिए 'दोहरी सुरक्षा' अपनाना बेहद जरूरी है। पहली दुर्घटना को रोकना (बचाव) और दूसरी आपातकाल के लिए हमेशा तैयार रहना। गर्मियों में वाहनों में आग लगने के पीछे सबसे बड़ा कारण ओवरहीटिंग है। लगातार एसी चलाने से इंजन और वायरिंग पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। कई लोग समय पर सर्विस नहीं करवाते, जिसके कारण इंजन के भीतर होने वाली खामियां बड़े हादसों को अंजाम देती हैं। लोकल वायरिंग और गलत फिटिंग के कारण शॉर्ट सर्किट की घटनाएं आम हैं। इसके अलावा, कारों में सैनिटाइज़र, परफ्यूम, लाइटर और अन्य ज्वलनशील वस्तुएं छोड़ देना भी आग को निमंत्रण देने जैसा है। भीषण गर्मी में ये पदार्थ विस्फोटक बन सकते हैं। स्थिति केवल निजी वाहनों तक सीमित नहीं है। ट्रेनों में आग लगने की घटनाएं भी लगातार चिंता बढ़ा रही हैं। रेलवे में सफर करने वाले कुछ यात्री नियमों की अनदेखी करते हुए छोटे गैस सिलेंडर, स्टोव और अन्य ज्वलनशील सामग्री साथ ले जाते हैं। थोड़ी सी चूक पूरे डिब्बे को आग की भट्टी में बदल सकती है। इसके अलावा ट्रेनों की पुरानी वायरिंग, ओवरलोडिंग और रखरखाव में लापरवाही भी आग की घटनाओं को बढ़ावा दे रही है। यह केवल व्यक्तिगत गलती नहीं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति गैरजिम्मेदार रवैया है। ऐसे में प्रशासन और आम नागरिक दोनों की जिम्मेदारी तय होती है। रेलवे प्रशासन को स्टेशनों पर सघन जांच अभियान चलाना चाहिए, ताकि कोई भी यात्री ज्वलनशील पदार्थ लेकर ट्रेन में प्रवेश न कर सके। केवल चेतावनी बोर्ड लगाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि भारी जुर्माना और कानूनी दंड का भय भी होना चाहिए। वाहन मालिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। गर्मियों में नियमित सर्विसिंग, वायरिंग की जांच, कूलेंट का सही स्तर और बैटरी की स्थिति की निगरानी बेहद जरूरी है। साथ ही गाड़ियों में फायर एक्सटिंग्विशर रखना अब विकल्प नहीं, आवश्यकता बन चुका है। सरकार और परिवहन विभाग को भी जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। यदि लोगों को आपात स्थिति में सही प्रतिक्रिया देना सिखाया जाए, तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। भीषण गर्मी में बढ़ती आगजनी की घटनाएं चेतावनी हैं कि सुरक्षा को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रशासन की सख्ती, वाहनों की नियमित जांच, रेलवे में सतर्कता और लोगों की जिम्मेदारी ही इन हादसों को रोक सकती है। छोटी लापरवाही बड़ी त्रासदी बन सकती है, इसलिए दोहरी सुरक्षा आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

## सारा संसार



कामाख्या देवी का प्रसिद्ध मंदिर उत्तर पूर्व भारत में असम राज्य की राजधानी गुवाहाटी के पश्चिमी भाग में स्थित नीलाचल पहाड़ी के मध्य में स्थित है। मंदिर में विराजित देवी को माँ कामाख्या या इच्छा की देवी कहा जाता है जो यहाँ आने वाले भक्तो की इच्छा पूर्ति करने के लिए जानी जाती है।

लक्ष्य

डा. सपना बंसल



# 'विकसित भारत' का सपना देश के युवा वर्ग की मंजिल

वास्को दी गामा ने 20 मई 1498 को कालीकट केरल के कप्पड़ तट के माध्यम से यूरोप से भारत का समुद्री रास्ता खोजा। उस समय भारत दुनिया की न केवल सबसे बड़ी संपन्न अर्थव्यवस्था था अपितु सभ्यता शहरीकरण, तकनीकी, शिक्षा, संस्कृति, व्यापार और जीवन स्तर के मापदंडों पर विश्व में अग्रणी क्षेत्र पर था। अर्थशास्त्री एंगस मैडिसन के मुताबिक साल 1500 में विश्व की जीडीपी में भारत की हिस्सेदारी 24.4% थी। कहने का तात्पर्य यह है कि भारत सदैव ही एक विकसित साम्राज्य रहा था, परंतु पहले पुर्तगालियों ने और फिर अंग्रेजों ने हिंदुस्तान की मासूमियत और सादगी का न केवल व्यापारिक फायदा उठाया, कदाचित एक संपूर्ण, संपन्न अर्थव्यवस्था को अपने निहित स्वार्थ के लिए तहस-नहस कर दिया। 1947 में भारत आजाद हुआ, उस समय 200 साल के औपनिवेशिक शोषण के बाद हालात बेहद कमजोर हो गए। जहां साल 1850 तक दुनिया का 25% कपड़ा भारत बनाता था, 1947 तक आते-आते कपड़े आयात करने लगा। 70 से 80 फीसदी आबादी गरीबी रेखा के नीचे आ गई। अंग्रेज रेल, डाकघर, कारखाने भारत में लाए, लेकिन केवल अपने फायदे के लिए। उन्होंने 54000 किलोमीटर की रेल पटरियां बिछवाई पर वह उद्योगों को जोड़ने के लिए नहीं, बल्कि कच्चा माल बंदरगाह पर ले जाने के लिए। विश्व में भारत का हिस्सा जीडीपी 24.4% था, जो 1947 तक आते-आते 3% रह गया। साल 1498 का संपन्न भारत 1947 तक आते-आते लूट-पिट कर खाली हो चुका था। अंग्रेजों ने न सिर्फ भारत का सोना-चांदी और पैसा लूटा, उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था, शिक्षा ,संस्कृति को तहस-नहस कर डाला। भारत ने 1956 में अपनी पहली औद्योगिक नीति के साथ विकास की नींव रखी, जिसे साल 1980 में अपनी दूसरी संशोधित औद्योगिक नीति के साथ अर्थव्यवस्था को सुधारने के प्रयास कर गए, परंतु 1990 तक आते-आते कोई ज्यादा बदलाव हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था में नहीं हुआ। असली बदलाव या औद्योगिकरण में क्रांति 1991 की नई औद्योगिकरण नीति के साथ हुआ, जिसमें पूर्ण उदारीकरण किया गया। लाइसेंस राज खत्म कर आयात-निर्यात के लिए विदेशी बाजार को पूर्ण रूप से भारत में लाया गया। विकसित भारत 2047 का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2022 को 76वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से देश को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले देश को एक लक्ष्य दिया। 'विकसित भारत 2047' का सपना अब केवल किसी राजनीतिक पार्टी का विजन नहीं, अपितु पूरे भारतवर्ष के युवा वर्ग की मंजिल है।

# व्यापारिक साझेदारी की ऊंची उड़ान



भारत-यूएई

अरविंद जयतिलक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई की यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर मुहर लगाकर व्यापारिक साझेदारी को नई ऊंचाई दी है। यूएई की कंपनियों द्वारा भारत में 5 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया गया है। यह पहल भारत के विकास के प्रति यूएई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। दोनों देशों ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और अधिक मजबूत करने पर हामी भरी है। इसके तहत रक्षा औद्योगिक सहयोग, उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रक्षिक्षण, सैन्य सहयोग, समुद्री सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर विशेष रूप से सहमति बनी है। यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी व व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई की यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर मुहर लगाकर व्यापारिक साझेदारी को नई ऊंचाई दी है। यूएई की कंपनियों द्वारा भारत में 5 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया गया है। यह पहल भारत के विकास के प्रति यूएई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। दोनों देशों ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और अधिक मजबूत करने पर हामी भरी है। इसके तहत रक्षा औद्योगिक सहयोग, उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रक्षिक्षण, सैन्य सहयोग, समुद्री सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर विशेष रुप से सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच जहाज निर्माण और कौशल विकास पर भी समझौते हुए हैं। दोनों देश सुपर कंप्यूटिंग और डिजिटल व्यापार क्षेत्र में भी एक-दूसरे की मदद करेंगे। गौरतलब है कि वर्ष के प्रारंभ में दोनों देश एफएटीएफ अर्थात फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के फ्रेमवर्क के तहत मनी लॉनड्रिंग विरोधी और आतंकवाद फाइनेंस के तहत सहयोग पर पहले ही सहमति जता चुके हैं।

दोनों देश रक्षा, एआई डिजिटल सहयोग, खाद्य सुरक्षा, अंतरिक्ष और निवेश में भी एक-दूसरे से कंधा जोड़े हुए हैं। उम्मीद है कि वर्ष 2032 तक दोनों देशों के साझा कारोबार 200 अरब डॉलर तक पहुंच जाएंगे। आज की तारीख में दोनों देशों के बीच एक सौ अरब डॉलर से अधिक का कारोबार हो रहा है। यूएई गुजरात के धोलेरा में मेगा निवेश के साथ गिफ्ट सिटी में फर्स्ट आबूधाबी बैंक और डीपी वर्ल्ड का ऑफिस बनाने को तैयार है। गौर करें तो दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्ते लगातार नई ऊंचाई छू रहे हैं और समय की कसौटी पर खरे हैं। गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा के दौरान भी दोनों देश आर्थिक क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल करते हुए अपनी करेंसी रुपये और दिरहम में व्यापार समझौता शुरू करने पर सहमत हुए थे। आरबीआई और संयुक्त अरब अमीरात के सेंट्रल बैंक के बीच संपन्न हुए समझौते के तहत दोनों बैंक एक फ्रेमवर्क तैयार करने पर सहमति जाहिर कि जिसमें क्रॉस-बार्डर ट्रांजेक्शन के लिए लोकल करेंसी का इस्तेमाल होगा। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के बीच इतने अधिक मधुर संबंध हैं कि तब प्रिंस रहे मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूएई के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जायद' से नवाजा और उन्हें अपना भाई बताते हुए 'अपने दूसरे घर' आने के लिए आभार जताया था। तब राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा समेत दुबई फ्रेम, एडनॉक बिल्डिंग एवं एमिरेट्स पैलेस को तिरंगे के रंग से रंग दिया था। गौर करें तो दोनों देशों के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता कई मायने में महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक, राजनीतिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक व आर्थिक कारणों से अरब देश सदैव ही भारत की विदेश नीति में विशिष्ट महत्व का विषय व केंद्र बिंदू रहे हैं। यह क्षेत्र भारत के विदेश नीति के रक्षा संबंधित पहलुओं को प्रभावित करता है और इसी को ध्यान में रख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात से निर्णायक संबंध जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। यह इसलिए भी आवश्यक है कि इस क्षेत्र में नए क्षेत्रीय कुटनीतिक-आर्थिक संबंध तेजी से बनते-बिगड़ते रहे हैं। इन परिस्थितियों के बीच



संयुक्त अरब अमीरात की भारत से बढ़ती प्रगाढ़ता अति महत्वपूर्ण है। अच्छी बात है कि संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन कर चुका है। दोनों देश आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में साथ मिलकर चलने का भी संकल्प ले चुके हैं। फिलहाल भारत को अरब देशों से ऐसे दीर्घकालिक एवं सुसंगत रणनीति के तहत काम करने की जरूरत है ताकि वह इस क्षेत्र की अपेक्षाएं एवं सरोकार को फलीभूत कर सके। अच्छी बात यह है कि भारत और यूएई दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण प्रतिरक्षा सहयोग बना हुआ है। याद होगा कि फरवरी 2007 में बंगलौर में आयोजित किए गए 'एयरो इंडिया शो' में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात ने भी अपने अधिकारियों को भेजा था। जून 2003 में द्विपक्षीय प्रतिरक्षा आदान-प्रदान के लिए संयुक्त प्रतिरक्षा सहयोग समिति यानी ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के गठन के लिए एक मसौदे पर हस्ताक्षर भी किए गए। भारतीय नौसेना के पोतों ने संयुक्त अरब अमीरात की अनके सदभावना यात्राएं की। मौजूदा समय में भी तटरक्षक स्तर पर भी दोनों के बीच सहयोग बना हुआ है। ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के प्रावधानों के अनुसार मार्च 2007 में आयोजित हुई इसकी पहली बैठक में संयुक्त अरब अमीरात की पांच सदस्यीय प्रतिरक्षा टीम एंटी एयरक्रॉफ्ट गन एल-70 के जांच के लिए भारत आई। इससे साफ संकेत मिला कि संयुक्त अरब अमीरात की भारतीय प्रतिरक्षा हार्डवेयर के प्रति अभिरुचि है। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उदाहरण के लिए दोनों देशों ने प्रत्यपर्ण संधि, आपराधिक एवं सिविल मामलों में आपसी विधिक सहायता संधि, सिविल एवं वाणिज्यिक मामलों में सहयोग के लिए विधिक एवं न्यायिक समझौता किया जो सन 2000 से ही लागू है। इस संधि के तहत दोनों देश अपराधियों के हस्तांतरण के अलावा आपसी विधिक सहायता को मूर्त रूप दे सकते हैं। सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सन 2000 में अमीरात न्यूज एजेंसी तथा प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के बीच समझौता हुआ। साथ ही प्रत्यायन गतिविधियों में तकनीकी सहयोग के लिए ईएसएमए तथा नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज के बीच समझौते हुए। इतिहास पर दृष्टि डालें तो इस क्षेत्र से भारत का सामाजिक व व्यापारिक संबंध शताब्दियों का रहा है। जानकारी मिलती है कि भारत से मसाले व कपड़े अमीरात क्षेत्र को और अमीरात क्षेत्र से मोती व खजूर भारत को भेजे जाते रहे हैं।

चूंकि पश्चिमी तट विशेष रूप से मालाबार तट में भारत के व्यापारिक अड्डे शारजाह एवं दुबई हैं, इस नाते भी दोनों क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक व व्यापारिक संबंधों में मिठास बनी हुई है। उसी का नतीजा है कि आज संयुक्त अरब अमीरात में तकरीबन पैंतीस लाख से अधिक भारतीय कामगार हैं। गौर करें तो अरब देशों में संयुक्त अरब अमीरात एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक एवं व्यवसायिक हब है तथा साथ ही सिंगापुर एवं हांगकांग के बाद विश्व में तीसरा प्रमुख पुनर्निर्यातक केंद्र भी। यही वजह है कि यह इराक, ईरान, सीआइएस देशों तथा अफ्रीका आदि बाजारों के लिए स्त्रोत केंद्र बना हुआ है। भारत संयुक्त अरब अमीरात का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है, वहीं संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। साथ ही वह कच्चे तेल का तीसरा और एलएनजी-एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा स्त्रोत है। मौजूदा समय में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर से अधिक है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी और व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

## पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित

दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

## दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा



संकलित

प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बढ़ती कीमतों के लिए कौन जिम्मेदार?

पेट्रोल-डीजल की कीमतो में भारी बढ़ोतरी के बाद से ही देशभर में लोगो की चिंताएं बढ़ गई हैं। इस बढ़ोतरी का सीधा असर हमारी रोजमर्रा की जिंदगी और जेब पर पड़ने वाला है। अब तो हर चीज के दाम बढ़ेंगे, जिससे आम आदमी को अपना जीवनयापन करना मुश्किल हो जाएगा। महंगाई बढ़ने से जनता का मासिक बजट बिगड़ जाता है। जरूरी वस्तुओं की खरीदारी में भी कटौती करनी पड़ती है और बचत में भी कमी आती है। आम जनता पर तो महंगाई की चौतरफा मार पड़ती है। मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट तो बिगड़ ही जाता है, लेकिन गरीब आदमी का तो जीना ही मुहाल हो जाता है। सरकार को मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखकर महंगाई पर नियंत्रण करने के उचित प्रयास करने चाहिए।

*- प्रकाश मेहता, कांकेर*

## ट्रेंड

### नशा मुक्त भारत



मोदी सरकार 'नशा मुक्त भारत' के लिए प्रतिबद्ध है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 'ऑपरेशन रेजपिल' के माध्यम से हमारी एजेंसियों ने पहली बार कैप्टागन नामक तथाकथित "जिहादी ड्रग" की 182 करोड़ रुपये की खेप जब्त की है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### सड़कों का कायापलट



असम की सड़कें न सिर्फ इंस्टाग्राम पर शेयर करने लायक हैं, बल्कि ये आपको कुछ सबसे अनोखे स्थलों से भी जोड़ती हैं। शानदार असम को देखने और हमारी सड़कों के कायापलट का प्रत्यक्ष अनुभव करने के लिए, जल्द ही इस प्रदेश की यात्रा की योजना बनाएं।

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### जन कल्याण का संकल्प



जुझारू नेताओं और कार्यकर्ताओं के माध्यम से ही सामाजिक न्याय का शासन आएगा, जो भेदभाव को समाप्त करेगा और सभी के लिए प्रगति और समृद्धि लाएगा। जन कल्याण का संकल्प ही हमारे संघर्ष की शक्ति है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### सांस्कृतिक विरासत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को गौरवपूर्वक पुनर्जीवित कर रहा है और विश्व को यह संदेश दे रहा है कि अपनी जड़ों से जुड़ा राष्ट्र ही सबसे दृढ़ और आत्मविश्वासी होता है।

-बांसुरी स्वराज, सांसद, भाजपा

## करंट अफेयर

# कनाडा में क्रूज से लौटे यात्री में हंता वायरस के लक्षण मिले



एमवी हॉडियस क्रूज पर हंटा वायरस संक्रमण फैलने के बाद अपने घर लौटे कनाडा के चार नागरिकों में से एक में शुरुआती जांच में संक्रमित होने के संकेत मिले हैं। कनाडा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ब्रिटिश कोलंबिया की जनस्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बॉनी हेनरी ने बताया कि विनिपेग स्थित राष्ट्रीय प्रयोगशाला से अंतिम पुष्टि संबंधी रिपोर्ट सप्ताहांत तक आने की संभावना है। उन्होंने कहा, हमें इसकी बिल्कुल उम्मीद नहीं थी, लेकिन हम स्थिति से निपटने के लिए तैयार थे। दंपति में से एक में दो दिन पहले हल्के लक्षण दिखाई देने शुरू हुए।

## ऑफ बीट

# अब उम्र तय करने में जीन की भूमिका पहले से अधिक



शोध के अनुसार, आज के दौर में जीवनकाल में जीन का योगदान पहले की तुलना में कहीं अधिक दिखाई देता है। इसके पीछे कारण यह नहीं है कि जीन अचानक ज्यादा प्रभावशाली हो गए हैं, बल्कि यह है कि बीते एक शताब्दी में मृत्यु के कारणों में बड़ा बदलाव आया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि एक सदी पहले बड़ी संख्या में लोग दुर्घटनाओं, संक्रमणों और अन्य बाहरी कारणों से मर जाते थे। वैज्ञानिक इन्हें 'बाह्य कारण' कहते हैं। इसके विपरीत, आज विकसित देशों में अधिकांश मौतें 'आंतरिक कारणों' से होती हैं, जैसे उम्र बढ़ने से जुड़ी बीमारियां- हृदय रोग, डिमेंशिया और अन्य रोग।

## संक्षेप

### करंट लगने से अधेड़ किसान की मौत

**खेत की तारबंदी पर गिरा था बिजली का तार, बिजली विभाग की लापरवाही पर सवाल**

अमेठी , करंट लगने से 56 वर्षीय किसान रामकुमार पुत्र नकछेद मौर्य की मौत हो गई। यह घटना जामो थाना क्षेत्र में हुई, जहां वे अपने खेत में बने पंपिंग सेट पर गए थे। करंट की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि रामकुमार सुबह घर से करीब एक किलोमीटर दूर अपने खेत में बने पंपिंग सेट पर गए थे। खेतों की सुरक्षा के लिए कंटीले तारों की बाड़ लगाई गई थी। एक बिजली का तार टूटकर इन्हीं कंटीले तारों पर गिर गया था, जिससे पूरी तारबंदी में करंट फैल गया। जब रामकुमार खेत पहुंचे, तो वे अनजाने में करंट की चपेट में आ गए और झुलस गए। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने उन्हें देखा और परिजनों को सूचना दी। परिजन तुरंत उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विनोद सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर तारों के कारण यह हादसा हुआ है।

### महंगाई-नीट पर राष्ट्रपति को ज्ञापन

**अमेठी में राष्ट्रीय जनमत पार्टी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**

अमेठी , राष्ट्रीय जनमत पार्टी की जिला कार्यकारिणी ने सोमवार को बढ़ती महंगाई और ठएएळ परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन अमेठी के गौरीगंज स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम डीएम संजय सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा है। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि देश में लगातार बढ़ रही महंगाई और ठएएळ परीक्षा में सामने आ रही अनियमितताओं से आमजन, मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवार, श्रमिक, किसान तथा प्रतियोगी छात्रों को गंभीर आर्थिक, मानसिक और सामाजिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।ज्ञापन में संविधान के अनुच्छेद 38, 39, 41, 43, 46 और 47 का हवाला देते हुए कहा गया कि लोककल्याणकारी राज्य की परिकल्पना के तहत नागरिकों के सामाजिक-आर्थिक हितों और शिक्षा-जीवन स्तर की रक्षा करना राज्य का दायित्व है।ज्ञापन में पांच सूत्रीय मांगें रखी गईं। पहली मांग महंगाई पर नियंत्रण से संबंधित है, जिसमें खाद्यान्न, दाल, खाद्य तेल, सब्जी, पेट्रोलियम पदार्थ और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों पर रोक लगाने की बात कही गई। इसके साथ ही जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।दूसरी मांग निम्न-मध्यम आय वर्ग, श्रमिकों, किसानों और बेरोजगार युवाओं के लिए विशेष आर्थिक सहायता, सब्सिडी और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़ी है। तीसरी मांग में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दामों में कमी कर आमजन को राहत देने की बात कही गई।

# शिक्षा जागरूकता एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह में मेधावियों का सम्मान

**उस्मानिया इस्लामिक स्कूल कैसरगंज में भव्य आयोजन, विधायक आनंद कुमार यादव रहे मुख्य अतिथि**

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। उस्मानिया इस्लामिक स्कूल, कैसरगंज में शिक्षा जागरूकता एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैसरगंज विधायक आनंद कुमार यादव रहे, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक एवं प्रबंधक हाजी रईस अहमद कासमी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मास्टर रसूल अहमद उपस्थित रहे। समारोह के आयोजक डॉ. अरशद रईस एवं संचालक डॉ. नजमुज्जमां रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक आनंद कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है तथा कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन से जीवन का हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यहां के विद्यार्थी समाज और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। अध्यक्षता कर रहे हाजी रईस अहमद कासमी ने कहा कि बच्चों की सफलता में अभिभावकों और शिक्षकों की अहम भूमिका होती है तथा विद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करना भी है। वहीं विशिष्ट अतिथि मास्टर रसूल अहमद ने शिक्षा को व्यक्तित्व निखारने का माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों को मेहनत, ईमानदारी और समय की कद्र करने की सलाह दी। आयोजक डॉ. अरशद रईस ने कहा कि मेधावी छात्रों का सम्मान अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है और विद्यालय भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. असद रईस, समस्त शिक्षकगण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से सय्यद अली, आबिद अली, नफीस अहमद, जुबैर अहमद, मौलाना जाकिर, अबसार अहमद, अरुण यादव, रोशनी बेगम, कैसरुन, मारिया खातून, आयशा बेगम, हाशमी बेगम, हेमंत वर्मा, विजय वर्मा, मोहम्मद मुहीब सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# लाठीचार्ज के विरोध में कैसरगंज के अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। राजधानी लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए कथित बर्बर पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में तहसील कैसरगंज के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। घटना के विरोध में बार एसोसिएशन कैसरगंज के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए विरोध प्रदर्शन किया तथा उपजिलाधिकारी कैसरगंज के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदया को ज्ञापन प्रेषित कर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

बार एसोसिएशन कैसरगंज के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह विसेन एवं महामंत्री वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि 17 मई 2026 को लखनऊ में निर्दोष अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किया गया कथित लाठीचार्ज लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं न्याय प्रणाली पर सीधा प्रहार है। अधिवक्ताओं ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण, अमानवीय और निंदनीय बताते हुए कहा कि कानून के रक्षकों द्वारा न्याय के पक्षधर अधिवक्ताओं के साथ इस प्रकार का व्यवहार बेहद चिंताजनक है।

ज्ञापन में मांग की गई कि घटना में शामिल दोषी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों की निष्पक्ष जांच कर तत्काल कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और उनके सम्मान, गरिमा एवं सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस दौरान अधिवक्ताओं में घटना को लेकर भारी रोष व्याप्त रहा और सभी ने एक स्वर में अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित किए जाने की मांग उठाई।

# सभासदों ने बैठक कर नगर में रुके विकास कार्यों पर जताई नाराजगी




अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रूपईडीहा में विगत कई माह से नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के बीच चल रहे गतिरोध के कारण विकास कार्य ठप पड़े हैं। सफाई कर्मियों व अन्य कर्मचारियों को पिछले दो माह से वेतन भी नहीं मिल पाया है।बैठक में शामिल सभी सभासदों ने सफाई कर्मियों और कर्मचारियों के दो माह से रुके वेतन दिलाने की मांग जिलाधिकारी बहराइच से की है।इन्हीं मुद्दों को लेकर सोमवार को मनोनीत सभासद रतन अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर सभासदों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभासदों ने बोर्ड की बैठक न होने पर गहरी चिंता जताई और नाराजगी व्यक्त की।

बैठक में सभासद देशराज वर्मा, संजय वर्मा, ध्रुवराज वर्मा, गुड्डू मधेशिया, प्रशांत मधेशिया, काली प्रसाद गुप्ता, मनोज प्रजापति, राजकुमार गुप्ता, जहीर, जान मोहम्मद, रईस अहमद, रजा इमाम रिजवी, मोहम्मद जाकिर और अशोक यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# रुपईडीहा में हाई-वोल्टेज ड्रामा: दो बच्चों के पिता के प्यार में मोबाइल टावर पर चढ़ी आशिया

अमन लेखनी समाचार / मो. कौशर



रुपईडीहा, बहराइच। बुधवार की सुबह नगर पंचायत रुपईडीहा में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक नाबालिग लड़की स्टेट बैंक के पीछे स्थित मोहल्ले में लगे एयरटेल टावर पर चढ़ गई। सुबह करीब 7 बजे घटना की सूचना फैलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। लड़की टावर के सबसे ऊपरी हिस्से पर बैठी हुई थी, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

थाना प्रभारी रुपईडीहा रमेश सिंह रावत के अनुसार सुबह पीआरवी 7823 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक लड़की सुबह करीब 6 बजे स्टेट बैंक रुपईडीहा के पास स्थित एयरटेल टावर पर चढ़ गई है। सूचना मिलते ही हल्का दरोगा उपनिरीक्षक कादिर खाँ तथा द्वितीय मोबाइल उपनिरीक्षक भीम सिंह को तत्काल मौके पर भेजा गया।

पुलिस टीम ने लड़की के परिजनों को मौके पर बुलाया और लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार समझाया गया। करीब दो घंटे की स्थानीय लोगों और पुलिस की कड़ी मशक्कत और समझाने-बुझाने के बाद लड़की सुरक्षित नीचे उतर आई। मौके पर उसकी मां कदरुन निशा पत्नी सब्बीर अहमद निवासी रानीपुरवा कस्बा एवं थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच तथा भाई शरीफ अहमद मौजूद रहे। इसके बाद थाना से महिला आरक्षी कनक सरोज, वरिष्ठ कांस्टेबल अभिषेक राय, अभिषेक सिंह एवं महिला आरक्षी रिया मौर्या को बुलाकर लड़की को उनके सुपुर्द कर सुरक्षित थाना लाया गया। पुलिस के अनुसार मौके पर पूरी तरह शांति व्यवस्था कायम है।

# नेपाल में 570 ग्राम सोना और विदेशी मुद्रा के साथ एक भारतीय नागरिक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के झापा जिले के काँकडभिट्टा सीमा क्षेत्र में सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल एवं भन्सार कार्यालय की संयुक्त टीम ने 570 ग्राम सोना और भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा के साथ एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार भारत से सिटी सफारी के जरिए नेपाल में प्रवेश कर रहे लगभग 39 वर्षीय भारतीय नागरिक परम पाठक को विशेष सूचना के आधार पर जांच के दौरान पकड़ा गया। कार्रवाई सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल सीमा सुरक्षा गुल्म काँकडभिट्टा और मेची भन्सार कार्यालय की संयुक्त टीम द्वारा की गई।जांच के दौरान आरोपी के पास से 570 ग्राम सोना, 20 हजार अमेरिकी डॉलर तथा 85 हजार 410 भारतीय रुपये बरामद किए गए। इसके अलावा एक भारतीय आधार कार्ड, विभिन्न कंपनियों के दो मोबाइल फोन, एक हार्ड डिस्क, एक बैंक चेक और सात सिम कार्ड भी बरामद हुए हैं।सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल के प्रवक्ता एवं नायब महानिरीक्षक विष्णु प्रसाद भट्ट ने बताया कि बरामद सोना एवं अन्य सामान सहित आरोपी को आवश्यक जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए मेची भन्सार कार्यालय को सौंप दिया गया है।प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आरोपी नेपाल किस उद्देश्य से प्रवेश कर रहा था। मामले की विस्तृत जांच जारी है।



# बूढ़ेश्वरनाथ शिव मंदिर प्रांगण के भूमि की संपन्न हुई पैमाइस

**राजस्व टीम सहित नानपारा विधायक प्रतिनिधि मंडल रहा मौजूद**

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के नानपारा तहसील अंतर्गत शिवपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया हार में स्थित प्राचीन बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण की भूमि की पैमाइश बुधवार को की गई। यह पैमाइश नानपारा विधानसभा के विधायक रामनिवास वर्मा के प्रतिनिधिमंडल की देखरेख में राजस्व विभाग द्वारा संपन्न हुई। मंदिर समिति ने प्रांगण की भूमि की पैमाइश के लिए उप जिलाधिकारी नानपारा को एक शिकायती पत्र भेजा था।इसी के बाद बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे राजस्व टीम मौके पर पहुंची और पैमाइश का कार्य शुरू किया। संबंधित लेखपाल अमरेंद्र कुमार ने बताया कि भूमि का चिन्हीकरण कर दिया गया है और जल्द ही पक्की मेड़बंदी करवाई जाएगी। बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर एक प्राचीन और सिद्ध स्थल माना जाता है। बुजुर्गों के अनुसार, यह मंदिर रियासती जमाने का है और इसके आसपास कभी घना जंगल हुआ करता था। यहां हर अमावस्या और पूर्णिमा पर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु जलाभिषेक और पूजन-अर्चन के लिए आते हैं। मंदिर से जुड़ी एक मान्यता के अनुसार, एक चरवाहे ने जमीन में गड़े एक पत्थर पर रस्सी बटने के लिए मूंज कूटा, जिससे रक्तधारा बहने लगी। मल्लापुर के रियासती राजा ने जांच करवाई, लेकिन काफी खुदाई के बाद भी पत्थर का अंत नहीं मिला। हाथियों से खिंचवाने पर भी पत्थर टस से मस नहीं हुआ। तभी से क्षेत्रीय लोग यहां पूजा-अर्चना करते हैं। यह भी माना जाता है कि सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना यहां पूरी होती है, जिसके चलते साल भर यहां भजन, भंडारे, संकीर्तन और वेद पाठ जैसे धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं।

# अज्ञात कारणों से लगी आग में स्कूटी गृहस्थी जलकर राख

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आगजनी में लाखों के नुकसान होने की खबर है। शिवपुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत एकघरा के ग्राम बाजपुरवा निवासी अंजनी कुमार सिंह पुत्र बृजमोहन सिंह के यहां बीती रात करीब 4.30 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक स्कूटी समेत कई सामान जल कर राख हो गए।

वहीं पीड़ित अंजनी के भाई जीवन लाल सिंह ने बताया कि बीती रात करीब 4.30 बजे घर के आगे बने फूस के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। हालांकि आग लगने की स्पष्टता नहीं हो सकी है। आगजनी में स्कूटी सहित काफी सामान जल कर राख हुआ है। रात में जब आग लगी तो घर के सभी लोग सो रहे थे तभी अचानक आग की लपटें देख अफरा तफरी का माहौल हो गया। शोरगुल प? पंहुचे ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। वहीं पीड़ित अंजनी पेशे से किसान हैं और अनाज सहित गृहस्थी जलकर राख हुई है। क्षेत्रीय लेखपाल श्याम कुमार ने बताया कि मौके प? नुकसान का आंकलन करके तहसील प्रशासन को भेज दिया है । जल्द ही शासन द्वारा देय सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

# फखरपुर में बिजली कटौती पर फूटा लोगों का गुस्सा, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। भीषण गर्मी के बीच फखरपुर पावर हाउस क्षेत्र में रात के समय लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा मंगलवार को देखने को मिला। क्षेत्र के दर्जनों लोग पावर हाउस पहुंचे और विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर एसडीओ राजेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि फखरपुर क्षेत्र में रात के समय महज तीन से चार घंटे ही बिजली आपूर्ति हो पा रही है। लगातार हो रही कटौती से लोगों को उमस भरी गर्मी में रात गुजारना मुश्किल हो रहा है। लोगों का कहना है कि बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।ज्ञापन के माध्यम से उपभोक्ताओं ने मांग की कि रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक बिजली कटौती पूरी तरह बंद की जाए। साथ ही यदि रोस्टिंग करनी हो तो दिन के समय की जाए और निर्धारित बिजली आपूर्ति में कम से कम 16 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाए।इसके अलावा तय समय के अतिरिक्त अघोषित शटडाउन बंद करने की भी मांग उठाई गई।इस दौरान श्याम जी त्रिपाठी, मोहन अवस्थी, केके पंडित, कलामुद्दीन अंसारी, राशिद अली व घनश्याम समेत कई उपभोक्ता मौजूद रहे। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# रूपईडीहा क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली की गई सीज**

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा थाना क्षेत्र में लंबे समय से अवैध मिट्टी खनन का कार्य बेखौफ तरीके से जारी था। क्षेत्रीय लोगों द्वारा इसकी शिकायत लगातार शासन स्तर तक की जा रही थी। मामले का संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने मंगलवार रात बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में लगे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध खनन करते हुए पकड़ लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नायब तहसीलदार नानपारा अक्षय पांडेय के नेतृत्व में लेखपाल माधौपुर निदौना मनीष बरनवाल तथा लेखपाल केवलपुर करुणेश त्रिपाठी की संयुक्त टीम ने माधौपुर निदौना क्षेत्र में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से मिट्टी खनन करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े गए। प्रशासनिक टीम ने पकड़े गए सभी ट्रैक्टर-ट्रॉली को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु रूपईडीहा थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखने की मांग की है।

# दहेज हत्या से संबंधित तीन को खैरीघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच द्वारा अपराध व अपराधियों के रोकथाम वांछित के गिरफ्तारी हेतु दिए गए दिशा निदेशों के क्रम में एएसपी ग्रामीण व सीओ महसी के निर्देशन में थानाध्यक्ष खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आज 20 मई 2026 को मुखबिर खास की सूचना पर थाना खैरीघाट के ग्राम सेमरिया से लगभग 10:10 बजे मु. अ. सं. 52/2026 धारा 82(2)/85/352/35(3)बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित तीन अभियुक्त 1- राम भजन पुत्र राधेश्याम 2-सर्वेश कुमार मिश्रा पुत्र राम भजन 3- गीता देवी पत्नी राम भजन निवासी सेमरिया थाना खैरीघाट जनपद बहराइच को खैरीघाट पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों निर्देशों का पालन करते हुए गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को माननीय न्यायालय बहराइच के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया साथ ही गिरफ्तारी की सूचना जरिये उचित माध्यम अभियुक्तगणों के परिजनों को दी गई।




# शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। बाजार के इंदिरा नगर में शनिवार की देर रात व्यापारी के गोदाम में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। तीन दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अग्निकांड में लाखों का सामान जलकर राख हो गया। रिसिया के इंदिरा नगर में व्यापारी मुकेश अग्रवाल का मकान है। जहां राधा रानी उद्योग नाम के व्यापार चलता है। मकान के पिछले हिस्से में गोदाम बना है, जहां नमकीन, कचरी ,कोल्ड ड्रिंक का स्टाक रखा हुआ था। रात करीब 12 बजे मकान में धुआं भरने लगा। जिससे आग लगने का पता चला। आसपास के लोग आग बुझाने में जुट गए और मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में गोदाम में रखा कचरी, नमकीन सहित कोल्ड ड्रिंक जलकर राख हो गए। पीड़ित मुकेश अग्रवाल ने बताया कि अग्निकांड में करीब 23 से 25 लाख के. रुपये के माल का नुकसान हुआ है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लटकती मिली लाश

**ग्रामीणों में दहशत के साथ तमाम तरह की चर्चाएं**

**रोहित के परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस कर रही जांच**

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। रुपईडीहा कोतवाली क्षेत्र के नरैनापुर गांव के पास बीती रात खेत में लगे पेड़ पर एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिलनें से आसपास सनसनी फैल गई है। मृतक युवक कनहरा गांव का निवासी बताया जा रहा है। जो पिछले 17 मई से घर से लापता बताया जा रहा है।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है,पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। रूपईडीहा कोतवाली क्षेत्र के कनहरा गांव निवासी रोहित कुमार पुत्र राम फेरन 21 वर्षीय का शव गांव के पास स्थित खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला था।जिसके बाद मृतक के परिजनों ने रोहित की हत्या करने की आशंका जताई है।पुलिस नें टीम गठित कर जांच शुरू कर दिया है।

## संक्षेप

### किसान ने अवैध कब्जे और धमकियों की शिकायत की

**बागपत जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई, जांच का आश्वासन**

बागपत ,भूमि विवाद को लेकर एक किसान ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।यह मामला खेकड़ा तहसील क्षेत्र के बसी गांव का है, जहां के निवासी किसान खिजेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय जाट महासभा के माध्यम से जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। किसान ने आरोप लगाया है कि उसकी कृषि भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है और उसे लगातार परेशान किया जा रहा है।पीड़ित किसान खिजेंद्र सिंह का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2022 में गांव सलावतपुर खेड़ी में लगभग 6 बीघा कृषि भूमि खरीदी थी। वह इस भूमि पर लंबे समय से खेती करते आ रहे हैं। किसान के अनुसार, भूमि से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज और राजस्व अभिलेख उसके पक्ष में हैं।इसके बावजूद, विपक्षी पक्ष जबरन जमीन पर कब्जा किए हुए है और उसे खेती करने से रोक रहा है। किसान ने यह भी आरोप लगाया कि जब भी वह खेत में फसल बोने या खेती का कार्य करने पहुंचते हैं, तो विपक्षी ट्रैक्टर चलाकर उनकी फसल खराब कर देते हैं। साथ ही, उन्हें जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़ित ने बताया कि इस मामले की शिकायत पहले भी प्रशासन से की गई थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। राष्ट्रीय जाट महासभा के पदाधिकारियों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।संगठन के सदस्यों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो वे आंदोलन करेंगे। वहीं, प्रशासन ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।डीएम अस्मिता लाल ने जांच कर करावाई का आश्वासन दिया

### भाकियू ने बागपत डीएम कार्यालय पर सौंपा ज्ञापन, चेतावनी

**15 दिन में मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और रोड जाम का ऐलान**

बागपत ,भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ( भाकियू ) ने बागपत में जिलाधिकारी कार्यालय पर सोमवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। संगठन ने प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसमें धरना प्रदर्शन और रोड जाम भी शामिल रहेगा।किसानों ने कहा कि आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।किसानों की प्रमुख मांगों में गांगनौली से बड़ौत तक सर्विस रोड का निर्माण शामिल है। उनका कहना है कि सड़क की समस्या के कारण लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी होती है और आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।इसके अतिरिक्त, मोजिजाबाद नांगल गांव में कब्जाई गई जमीन को मुक्त कराने की मांग भी की गई।किसानों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की अनदेखी के चलते ग्रामीणों की जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। कब्रिस्तान की भूमि से भी अवैध कब्जा हटाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। किसानों ने कहा कि सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों की जमीनों पर कब्जे होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।साथ ही, किसानों ने ग्राम प्रधान पर राजनीतिक भेदभाव करने और ग्रामीणों को परेशान करने के आरोप लगाए।

# स्वरूपरानी अस्पताल में वकीलों और डॉक्टरों में मारपीट

## महिला अधिवक्ता बोली- बाल पकड़कर घसीटा, मोबाइल छीनकर फेंका

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , स्वरूपरानी अस्पताल में बुधवार सुबह डॉक्टरों और वकीलों के बीच जमकर हंगामा हो गया। एक घायल महिला अधिवक्ता को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था।इसी दौरान इलाज को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते धक्का-मुक्की और मारपीट में बदल गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया।महिला अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि अस्पताल परिसर में उनके साथ अभद्रता की गई।उनका कहना है कि उन्हें बाल पकड़कर घसीटा गया और पीटा गया। वहीं अस्पताल प्रशासन की ओर से देर शाम तक इस



मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था। जिसके बाद हाईकोर्ट के वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा। वकीलों ने हाइकोर्ट के पास फ्लाईओवर पर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगाम के बाद सुबह 6 बजे से अस्पताल की सुविधाएं बंद हैं। दवा वितरण केंद्र बंद कर दिया गया है। मरीज और तीमारदार इधर-उधर भटक रहे हैं। थाना शाहगंज, कोतवाली, सिविल लाइन्स, खुलदाबाद, जॉर्ज टाउन की पुलिस फोर्स मौके पर तैनात है।

### टूनामेंट प्रैक्टिस के दौरान हुआ हादसा

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष विशाल पांडे ने बताया कि इलाहाबाद हाई कोर्ट में महिला अधिवक्ताओं का एक टूनामेंट आयोजित किया गया है, जिसकी प्रैक्टिस पिछले सप्ताह से चल रही है।शहर के अलग-अलग इलाकों से महिला अधिवक्ता और छात्राएं सुबह प्रैक्टिस के लिए आती हैं। उन्होंने बताया कि झूंसी निवासी जागृति शुक्ला सोमवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे प्रैक्टिस के लिए आ रही थीं। इसी दौरान रास्ते में उनका एक्सीडेंट हो गया। हादसे के बाद उन्होंने अपने साथियों को फोन किया। कुछ लड़कियां और साथी अधिवक्ता उन्हें इलाज के लिए स्वरूपरानी अस्पताल लेकर पहुंचे।

# लॉज मालिक के बेटे ने छात्राओं को बाल पकड़कर पीटा

## प्रयागराज में कमरे में घुसा, छात्रा बोली- गंदी नीयत से फोन-मैसेज करता है

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , लॉज में दो छात्राओं को बाल पकड़कर पीटा गया। पीटने वाला लॉज मालिक का बेटा है।छात्राएं लॉज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं।छात्राओं का आरोप है कि लॉज मालिक का बेटा गंदी नीयत से कॉल-मैसेज कर परेशान करता है। 18 मई की आधीर उसने कमरे में घुसने की कोशिश की। मना करने पर उसे और पास में रहने वाली एक अन्य छात्रा को बेरहमी से पीटा। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।हालांकि, आरोपी को कोर्ट से जमानत मिल गई। अमेठी की रहने वाली 27 साल की छात्रा ने बताया- मैं शिवकुटी के शंकरघाट में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती हूं।जिस लॉज में रहती हूं, शुभम द्विवेदी उसके मालिक का बेटा है।इस लॉज में कई अन्य छात्राएं भी रहती हैं।



मैंने दो महीने पहले ही यहां कमरा किराए पर लिया था।लगातार 10 दिनों से फोन कर रहा था छात्रा ने बताया- पिछले दिनों मैंने एसएससी जूनियर असिस्टेंट परीक्षा पास की है। शुभम पिछले 10 दिनों से लगातार गंदी नीयत से मुझे फोन कर रहा था। लगातार मैसेज करता है और मेरे कमरे में आने की कोशिश करता है। मेरा डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन होना है।इसलिए मजबूरी में यहां रुकी थी। 18 मई की रात भी शुभम मुझे लगातार कॉल-मैसेज करता रहा। कॉल रिसीव नहीं करने पर वह रात 2 बजे आकर मेरे कमरे का दरवाजा पीटने लगा।वह शराब के नशे में था। दरवाजा नहीं खोलने पर उसने कमरा बाहर से बंद कर दिया। पड़ोसी छात्रा का भी दरवाजा बाहर से बंद कियाडरकर मैंने अपने बगल में रहने वाली छात्रा को फोन से कमरे में बुलाया। वह अपनी बहन के साथ रहती है। वह मेरे कमरे में आई, तो शुभम ने लगातार 14 बार उसकी बहन को फोन किया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने निकाला ट्रैक्टरों का काफिला

**लोग बोले – पीएम – सीएम की अपील का भी ध्यान नहीं, सफाई में कहा – ऐसा होगा, पता नहीं थी**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, भाजपा नेता और जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने ट्रैक्टरों का लंबा काफिला निकाला है। गौरव चौधरी का एक वीडियो सामने आया है। इसमें गौरव ट्रैक्टर में बैठे हैं।उनके पीछे लगभग 10-12 ट्रैक्टरों का लंबा काफिला और लोगों की भीड़ है।ये वीडियो रविवार का है। बताया जा रहा है कि एक गांव में आयोजन था, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी को आमंत्रित किया गया था। इसी आयोजन में शामिल होने के लिए गौरव ट्रैक्टरों के काफिले के साथ गांव पहुंचे।सोशल मीडिया पर लोगों ने इस वीडियो को शेयर करते हुए पीएम - सीएम के ईंधन बचाने की अपील को लेकर तंज कसा।लिखा- एक तरफ पीएम मोदी, सीएम योगी देश-प्रदेश में ऊर्जा संरक्षण की अपील कर रहे हैं। ईंधन की खपत कम से कम करने की बात कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा नेता ही ट्रैक्टरों के काफिले संग नजर आ रहे



हैं।इतना भी ध्यान नहीं रखा।लगता है सरकार ने तेल बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार ने आम जनता को दी है।ट्रोल होने के बाद गौरव चौधरी ने सफाई दी है। कहा- गांव वाले ऐसा करेंगे, मुझे पहले से मालूम नहीं था सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा- जहां भारत के प्रधानमंत्री ने अपनी सुरक्षा से सुरक्षा कर्मी और सुरक्षा वाहन की कमी की है।


वहीं, सभी मंत्री की सुरक्षा में भी कमी की है।ईरान युद्ध को देखते हुए और पेट्रोल और डीजल की किल्लत को देखते हुए ।

# छात्रा का हत्यारा सिरफिरा प्रेमी निकला

## पेपर देने निकली थी, लड़की के मोबाइल में नोट मिला-प्लीज सेव मी गॉड

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,20 साल की छात्रा की हत्या सिरफिरे प्रेमी ने की थी। देर रात पुलिस ने सिरफिरे को गिरफ्तार कर लिया। उसने पूछताछ में कबूला कि 3 साल से छात्रा से उसकी दोस्ती थी। उसने उसे दूसरे लड़के से बातचीत करते हुए देख लिया था। इसको लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ।इसके बाद उसने दोस्तों के साथ उसकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, 15 मई को छात्रा इअ थर्ड ईयर की परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी।परिवार ने खोजबीन के बाद उसी दिन थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। 17 मई को घर से 25 किमी दूर गन्ने के खेत में छात्रा की सड़ी हालत में लाश मिली। शव मिलने के बाद परिजनों ने थाने के बाहर हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बेटी की गैंगरेप के बाद हत्या की गई। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें समझाया। परिजनों की शिकायत पर तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। देर रात पुलिस ने सिरफिरे प्रेमी अंकुश को उसके घर से पकड़ लिया। बाकी दो



आरोपी फरार हैं। पुलिस को छात्रा के मोबाइल से एक नोट मिला है। इसमें लिखा है- प्लीज सेव मी गॉडङ्घयानी भगवान मेरी रक्षा करना। मामला शहर के टीपीनगर थाना क्षेत्र का है। आज 11/05/26 में पेपर देने तो जा रही हूं, लेकिन मुझे बहुत ही अजीब फील हो रहा है।पता नहीं क्यों, लेकिन मेरे अंदर से ऐसा महसूस हो रहा है। भगवान, मैं तुमसे हाथ जोड़कर विनती करती हूं, कुछ गलत मत होने देना। प्लीज, प्लीज, प्लीज गॉड, मेरा घर बिखर जाएगा। भगवान, आपसे प्लीज सब कुछ ठीक रखना। मेरे बिना तो रह भी नहीं पाएंगे ये सब मम्मी, पापा, भाई-बहन।मेरे बिना उनका मन नहीं लगता, पता नहीं क्यों, इसको लिखते समय भी मेरे आंसू बह रहे हैं। सिलसिलेवार तरीके से पूरा मामला पढ़िए मेरठ के टीपीनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली छात्रा के पिता टेलर हैं। परिवार में छात्रा की मां, बहन और छोटा भाई हैं।15 मई को छात्रा डिग्री कॉलेज में राजनीति विज्ञान की परीक्षा देने निकली थी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी। घरवालों ने दोस्तों को फोन किया। कॉलेज में पता किया, लेकिन लड़की का पता नहीं चला। इसके बाद परिवार ने देर शाम टीपीनगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने लड़की की तलाश शुरू की। रविवार, 17 मई को रोहटा थाना क्षेत्र में उकसिया गांव के गन्ने के खेत में लड़की की लाश मिली। गांव के एक युवक ने शव देखा।इसके बाद पुलिस को बुलाया गया। छात्रा के चेहरे को कीड़ों ने खाया हुआ था। ऐसा भी लग रहा था मानो लाश को हत्या के बाद तेजाब डालकर जलाने का प्रयास किया गया हो।हालांकि, घटनास्थल पर संघर्ष के कोई निशान नहीं मिले थे।ऐसे में पुलिस को शक था कि लड़की की हत्या कहीं और की गई और इसके बाद शव यहां फेंका गया। पुलिस ने परिवार वालों को बुलाकर शव की शिनाख्त करवाई।

# सपा के प्रदर्शन में चोरों की सेंधमारी



**प्रदर्शन छोड़कर मोबाइल तलाशने में लगे प्रदर्शनकारी**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,महंगाई के खिलाफ समाजवादी पार्टी के प्रदर्शन के दौरान चोरों ने पांच मोबाइल फोन चुरा लिए। कमिश्नरी चौराहे पर चल रहे इस प्रदर्शन में हुई चोरी से अफरा-तफरी मच गई। यह घटना सोमवार को हुई, जब समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता बढ़ती गैस और पेट्रोल की कीमतों का विरोध कर रहे थे। बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता कमिश्नरी चौराहे पर जमा थे। मोबाइल फोन चोरी होने की जानकारी मिलते ही प्रदर्शनकारियों में हड़कंप मच गया। कई कार्यकर्ता नारेबाजी छोड़कर अपने फोन तलाशने लगे। उन्होंने आसपास पूछताछ की और फोन मिलाकर लोकेशन जानने की कोशिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।घटना के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि जेबकतरों की पहचान की जा सके।प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने कहा कि भीड़भाड़ वाले आयोजनों में पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ानी चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# मोदीनगर पहुंची आम आदमी पार्टी की पदयात्रा

## संजय सिंह बोले-भाजपा शासनकाल में देश और प्रदेश बेरोजगारी और महंगाई की मार झेल रहा

अमन लेखनी समाचार

मोदीनगर , आम आदमी पार्टी की रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो पदयात्रा सुबह मोदीनगर से गाजियाबाद के लिए रवाना हुई। यात्रा का नेतृत्व पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने किया।रास्ते में कई स्थानों पर कार्यकताओं और समर्थकों ने पदयात्रा का स्वागत किया। पदयात्रा मुरादनगर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगी, जिसके बाद अगले चरण में गाजियाबाद के लिए आगे बढ़ेगी।

### भाजपा हिंदू-मुस्लिम के मुद्दे उठाकर चुनाव जीत रही

पदयात्रा के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए संजय सिंह ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासनकाल में देश और प्रदेश बेरोजगारी और महंगाई की मार झेल रहा है।उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदू-मुस्लिम के मुद्दे उठाकर चुनाव जीत रही है, जबकि सबसे ज्यादा आर्थिक बोझ आम लोगों पर पड़ रहा है।संजय सिंह ने भाजपा पर दंगे-फसाद और जाति-धर्म के नाम पर भेदभाव बढ़ाने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि जब महंगाई बढ़ती है तो उसका सबसे ज्यादा असर आम जनता, खासकर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है।उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ते भेदभाव को खत्म करने की जरूरत है।पंचायत चुनाव पर फोकस आप सांसद ने कहा कि आम आदमी पार्टी का पूरा फोकस उत्तर प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनावों पर है। पार्टी पूरी मजबूती के साथ पंचायत चुनाव



लड़ेगी और इसके बाद विधानसभा चुनाव की तैयारी करेगी।नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए संजय सिंह ने कहा कि हर साल दो करोड़ नौकरियां देने और विदेश से काला धन वापस लाने के वादे पूरे नहीं हुए।उन्होंने दावा किया कि अगर उत्तर प्रदेश का भविष्य बेहतर बनाना है तो आम आदमी पार्टी को सत्ता में लाना होगा।शिक्षा और स्वास्थ्य में काम का दावासंजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने विकास के कई कार्य किए हैं। रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में पार्टी ने बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता को सिर झुकाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है।

# पुलिस ने उखाड़ा धरने पर बैठी महिलाओं का टेंट

## मेरठ में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की थी, कहा था- हमारी भूल, कमल का फूल

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , शास्त्रीनगर स्थित सेक्टर 2 और सेक्टर 4 में सेटबैक के विरोध में महिलाओं का धरना प्रदर्शन लंबे समय से जारी है।जिसमें आज सीओ सिविल लाइन शुचिता सिंह सेक्टर 2 के धरना स्थल पर पहुंची और महिलाओं द्वारा लगाए गए टेंट को हटवा दिया गया।सीओ का कहना है कि लगातार बाजार से शिकायत हो रही है कि सड़क पर टेंट लगने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है।जिसके चलते हमने टेंट हटवाया है।सेक्टर दो की महिलाओं ने बीते दिन धरना स्थल पर हनुमान चालीसा का जाप करने के बाद कमल का फल हमारी भूल के नारे भी लगाए थे। वहीं सेक्टर 4 में भी महिलाओं का धरना प्रदर्शन जारी है।लेकिन वहां पुलिस द्वारा कोई टेंट नहीं हटवाया गया है क्योंकि वह सड़क से हटकर अपना प्रदर्शन कर रहे हैं।सेक्टर 2 के



नवनियुक्त अध्यक्ष अर्पित मोगा ने बताया कि को सीओ द्वारा अव्यवस्था का कारण बताते हुए हमारा टेंट हटवाया गया है। इसके बाद भी महिलाओं का धरना अभी जारी है महिलाएं धूप में ही बैठकर अपना विरोध प्रदर्शन कर रही है।

### तीन दिन पहले ही बदली थी कार्यकारिणी

सेक्टर 2 में आपसी मतभेद के चलते तीन दिन पहले ही सेक्टर 2 का अध्यक्ष भी बदल गया था उसी के बाद से यह शिकायतों का दौर चला और टेंट हट गया है। वहीं महिलाओं का कहना है कि है आपसी मतभेद का ही नतीजा है कि हमारे टैंट की शिकायत हुई है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से ही महिलाओं का प्रदर्शन जारी है।इस बीच में सेक्टर दो का धरना दो बार स्थापित भी हुआ। इसके बाद सेक्टर चार में धरने की शुरूआत हुई और सेक्टर दो का धरना भी शुरू हो गया।उसके बाद अब लगभग 15 दिन से महिलाएं फिर से धरने पर बैठे हैं जिनका आज पुलिस द्वारा टेंट हटा दिया गया।

# 147 स्थानों पर लगेंगे इमरजेंसी बटन

**20 स्थानों पर वेरीयेबल मैसेज साइन बोर्ड, 13 थानों को मॉर्डन टेक्नोलॉजी से जोड़ा जाएगा**

अमन लेखनी समाचार




नोएडा , शहर में महिला और आम लोगों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सेफ सिटी परियोजना के तहत बड़े स्तर पर आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। परियोजना के तहत शहर के 147 स्थानों पर इमरजेंसी बटन लगाए जाएंगे।इन बटनों को दबाते ही संबंधित व्यक्ति का संपर्क सीधे नजदीकी पुलिस चौकी से हो जाएगा और तत्काल मदद पहुंचाई जाएगी।ये बटन एसओएस सिस्टम की तरह काम करेंगे।साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से कंट्रोल रूम से मौके की निगरानी भी की जा सकेगी। 561 लोकेशन पर लगेंगे 1949 कैमरे महिला, बच्चों और आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहर में 561 संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया है।इन जगहों पर 1949 हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे इसके अलावा शहर के करीब 10 हजार सार्वजनिक और पुलिस कैमरों को भी इस सिस्टम से इंटीग्रेट किया जाएगा, जिससे पूरे शहर की निगरानी एक प्लेटफॉर्म से हो सकेगी।13 थानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगापरियोजना के तहत शहर के 13 पुलिस थानों को भी आधुनिक तकनीकी उपकरणों से लैस किया जाएगा।

# व्यक्ति से 25 लाख की ठगी

## बीमा की रकम दिलाने के बहाने जाल में फंसाया, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा ,बीमा पॉलिसी की मैच्योरिटी राशि दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 25 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने खुद को बीमा कंपनी और एनपीसीआई का अधिकारी बताकर पीड़ित को झांसे में लिया और अलग-अलग बहानों से लाखों रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। 1.23 करोड़ रुपये मिलने का दिया लालच बीटा-2 थाना क्षेत्र निवासी यशपाल भाटी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने साल 2022 और 2023 में अलग-अलग कंपनियों की कई जीवन बीमा पॉलिसियां खरीदी थीं। नवंबर 2025 में उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि उनकी बीमा पॉलिसियां मैच्योर हो चुकी हैं और उन्हें करीब 1.23 करोड़ रुपये की राशि मिलेगी। कंपनी और एनपीसीआई अधिकारी बनकर किया संपर्कशुरूआत में



आरोपी ने खुद को बीमा कंपनी का अधिकारी बताया। बाद में उसने एनपीसीआई अधिकारी होने का दावा किया। आरोपी ने कहा कि कुछ प्रीमियम और प्रोसेसिंग फीस बाकी है। यह रकम जमा करने के बाद पूरी मैच्योरिटी राशि खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी। इसके बाद ठगों ने प्रोसेसिंग फीस, टैक्स, पेनल्टी, प्रीमियम और चार्टर्ड अकाउंटेंट फीस के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में पैसे जमा कराए।बार-बार कॉल कर मांगे पैसे पीड़ित के मुताबिक दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच आरोपी अलग-अलग मोबाइल नंबरों से लगातार कॉल करते रहे।

# 25 साल की महिला की तीसरी मंजिल गिरकर मौत

## ग्रेटर नोएडा में पिता बोले- बेटी को मारकर फेंका गया; डेढ़ साल पहले हुई थी शादी

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में 25 साल की महिला की घर की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। करीब डेढ़ साल पहले ही उसकी शादी हुई थी।महिला के मायके वालों का आरोप है कि बेटी की हत्या की गई।पिता का कहना है कि ससुराल वाले शादी के बाद एक फॉर्च्यूनर गाड़ी और 51 लाख रुपए डिमांड कर रहे थे। इसे पूरा नहीं करने पर उन लोगों ने मेरी बेटी को मार डाला।उसके शरीर पर चोट के निशान थे। मामला ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र का 17 मई का है। पिता संजय नागर ने बताया- हम लोग कुड़ी खेड़ा गांव में रहते हैं। मैं दिल्ली जल बोर्ड में काम करता हूं।मैंने अपनी बेटी दीपिका नागर




की शादी 11 दिसंबर, 2024 को जलपुरा के रहने वाले रितिक के साथ की थी। दीपिका ने बीएड कर रखा था, जबकि पति रितिक लॉ सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रहा है।मैंने शादी में करीब 1 करोड़ रुपए खर्च किए थे।टॉप मॉडल की स्कॉर्पियो गाड़ी दी थी।शादी के बाद से ससुराल वाले मेरी बेटी को परेशान कर रहे थे।

### 17 मई को भी बेटी को ससुराल वालों ने पीटा था

संजय नागर ने बताया- 17 मई को बेटी दीपिका का मेरे पास फोन आया। उसने कहा कि ससुराल वाले मेरे साथ मारपीट कर रहे हैं।दहेज में गाड़ी और रुपए लाने को कह रहे हैं। मैं शाम को बेटी की ससुराल पहुंचा ।

# मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर**

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# युवा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस (मध्य) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने मंगलवार शाम अपने पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि वे कांग्रेस पार्टी के समर्पित सदस्य के रूप में जुड़े रहेंगे और पार्टी की विचारधारा व नेतृत्व के प्रति उनकी निष्ठा पहले की तरह कायम रहेगी। अंकित तिवारी ने कहा कि पद छोड़ने का निर्णय व्यक्तिगत कारणों से लिया गया है, लेकिन वे आगे भी एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में संगठन को मजबूत करने और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान पार्टी कार्यकताओं, पदाधिकारियों और सहयोगियों से मिले सहयोग, स्नेह और समर्थन के लिए आभार भी व्यक्त किया। तिवारी ने कहा कि संगठन में मिले अनुभव और साथियों का विश्वास उनके लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेगा।

# शक्तिनगर पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध 03 अभियुक्त गिरफ्तार, भारी मात्रा में देशी/अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा मादक पदार्थों एवं अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक शक्तिनगर सत्येन्द्र राय के कुशल नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध शराब बरामद की गई दिनांक 18.05.2026 को उ0नि0 अजय कुमार श्रीवास्तव प्रभारी चौकी बीना थाना शक्तिनगर मय हमराह पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग कार्यवाही करते हुए अभियुक्त रामलल्लू पुत्र स्व0 पहलू निवासी बरवानी थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र उम्र करीब 55 वर्ष को उसके घर से 28 पाउच देशी शराब ब्लू लाइम (प्रति पाउच 200 एमएल) बरामद कर समय 14.20 बजे गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0 95/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया। इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण नंदलाल विश्वकर्मा पुत्र स्व0 राजेश्वर निवासी ग्राम अटारी रोड थाना अटारी रोड जिला पलामू झारखंड उम्र करीब 61 वर्ष तथा धर्मेन्द्र कुमार विश्वकर्मा पुत्र स्व0 राजेश्वर निवासी उपरोक्त उम्र करीब 42 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 04 कैन कार्ल्सबर्ग एलीफैंट बीयर, 06 कैन किंगफिशर बीयर, मैजिक मोमेंट्स क्वार्टर 02 बोतल, इम्पीरियल ब्लू क्वार्टर 03 बोतल, मैकडॉवेल्स क्वार्टर 02 बोतल, रॉयल स्टैग क्वार्टर 03 बोतल, 8 पीएम क्वार्टर 01 बोतल तथा 01 पाउच देशी शराब बंटी बबली कुल मात्रा 7 लीटर 360 मिली अवैध शराब बरामद की गई। उक्त के संबंध में थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0 96/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

## ग्राम सिलवारी में आंबेडकर उत्सव भवन का भूमि पूजन, डेढ़ करोड़ से होगा निर्माण

अमन लेखनी समाचार

सवायजपुर। विकास खंड भरखनी की ग्राम पंचायत सिलवारी में आंबेडकर उत्सव भवन का भूमि पूजन और शिलान्यास सांसद जयप्रकाश रावत, विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती की मौजूदगी में हुआ। सांसद ने कहा कि क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह उत्सव भवन जिले का पहला ऐसा भवन होगा, जहां सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। इसका निर्माण करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इस दौरान प्रधान संगठन ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग भी की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज से जनता परेशान, नगर पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

माधौगंज, हरदोई। नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शासन के आदेश के बावजूद क्षेत्र में रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। लगातार ट्रिपिंग और शटडाउन के कारण भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लो-वोल्टेज के कारण जलकल मोटर भी प्रभावित हो रही हैं, जिससे पेयजल संकट बढ़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि सात दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं होने पर बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाए।

## पिकअप ने स्कूटी सवार दो महिलाओं को मारी टक्कर, उपचार के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। शहर कोतवाली क्षेत्र के चिंतालपुरवा के पास मंगलवार को हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो महिलाओं की मौत हो गई। तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से प्राथमिक विद्यालय झौंनीपुरवा में तैनात शिक्षिका रुचि सचान और शिक्षामित्र रुचि पाल गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया और शिक्षा जगत में शोक की लहर फैल गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और वाहन की तलाश में जुटी है।

## अधूरी इंटरलॉकिंग सड़क बनी मुसीबत, गली में भरा नालियों का गंदा पानी

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। नगर के मोहल्ला अल्लाहपुर सैदीखेल में अधूरी और ऊंची बनाई गई इंटरलॉकिंग सड़क लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। सड़क निर्माण के बाद जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होने से नालियों का गंदा पानी गली में भर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण में अनियमितता बरती गई, जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। बच्चों का स्कूल जाना भी प्रभावित हो रहा है। मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका से जल्द खामियां दूर कर जलभराव की समस्या समाप्त करने की मांग की है।

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो प्रकरण में थाना शक्तिनगर पुलिस ने शांति व्यवस्था के दृष्टिगत एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के संबंध में त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही की गई।

# 7 दिन से अंधेरे में डूबे नरहटी और चांची खुर्द, टूटे 5 बिजली पोल; ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

अमन लेखनी समाचार



कोन/सोनभद्र। कोन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चांची कला के ग्राम नरहटी और चांची खुर्द में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बीते दिनों आए तेज आंधी-तूफान में बनखेता स्कूल के पास करीब 5 बिजली पोल टूटकर गिर गए, जिसके बाद से दोनों गांव पिछले 7 दिनों से अंधेरे में डूबे हुए हैं। बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। सैकड़ों ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर जल्द व्यवस्था बहाल करने की मांग उठाई। ग्रामीणों के अनुसार भीषण गर्मी में बिजली गुल होने से सबसे बड़ा संकट पेयजल का खड़ा हो गया है। गांव की करीब 1500 आबादी पानी और अंधेरे की समस्या से जूझ रही है। लोगों को पीने के पानी के लिए दूर-दूर भटकना पड़ रहा है। रात होते ही पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता है, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को लगातार फोन किया जा रहा है, लेकिन कोई फोन तक उठाने को तैयार नहीं है। विभाग की लापरवाही और उदासीनता से ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। लोगों का कहना है कि गांव में पहले से करीब 9 बिजली पोल पड़े हुए हैं, जिन्हें लगाकर तत्काल बिजली बहाल की जा सकती है, लेकिन विभाग अब तक सिर्फ आश्वासन दे रहा है ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन करने वालों में अविनाश कुमार, रामआश्रय गुप्त, राकेश कुमार, सचिन कुमार, रितेश कुमार, राजमन, सुरेश बैगा सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुधीर कुमार जायसवाल भी रहे मौजूद वहीं इस मामले में स्थानीय जेई गजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को स्टोर से पोल लोड कराए जा रहे हैं तथा बुधवार से मरम्मत कार्य शुरू करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंधी-तूफान के चलते क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिससे कार्य में देरी हुई है।

# बिते दस दिनों पूर्व में हुई घटना का पुलिस नहीं कर सकी खुलासा

**–पीड़ित के घर में भय का माहौल – जांच में उलझी डाला पुलिस।**

अमन लेखनी समाचार




डाला (सोनभद्र) स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला नई बस्ती में हुई दस दिन पूर्व मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला के साथ चेन स्नेचिंग की घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है। पुलिस की कार्यप्रणाली से स्थानीय महिलाओं में नाराजगी, मार्निंग वाक करने वाली महिलाओं में भय का माहौल है। कुछ महिलाओं ने मॉर्निंग वॉकबंद किया तो कुछ महिलाओं ने आभूषण पहन कर अकेला घर से बाहर निकालना कर दिया बंद। जानकारी मुताबिक बीते नव (9) मई की सुबह करीब 5.30 बजे प्रतिदिन की तरह मार्निंग वाक पर निकली नई बस्ती निवासी महिला प्रभा देवी पत्नी मुद्रिका सोनी घर से अकेले टहलने निकली थीं। वह घर से जब आधा कि0मी0 दूर बस्ती के दूसरे छोर पर पहुंचीं तो पहले से घात लगाए एक नकाबपोश बदमाश ने पीछे से उन्हें धक्का मारकर गिरा दिया और चैन खिंचने लगा। विरोध करने पर चाकू दिखाकर डराकर गले में पहनी 16 ग्राम की सोने की चैन छिनकर बाइक पर सवार होकर भागने लगा। वह बाइक सवार के पीछे दौड़ी लेकिन बदमाश चेन लेकर भाग निकला। दिनदहाड़े चैन छिनैती की घटना से हर कोई अवाक रह गया। घटना के तुरंत बाद सक्रिय होकर कुछ संदिग्ध लोगों से डाला चौकी प्रभारी ने पुछताछ किया लेकिन निराशा ही हाथ लगी। घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने एसओजी सर्विलांस टीम, चोपन थाना पुलिस और डाला पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर खुलासा करने का निर्देश दिया है परन्तु उक्त टीम को समाचार लिखे न जाने तक सफलता हाथ नहीं लगी थी। सीओ सीटी रणधीर मिश्रा द्वारा शीघ्र ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया गया था पर चैन स्नैकिंग की घटना दस दिन बीत गए समाचार लिखे जाने तक खुलासा नही हो सका मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली है महिला का सोने का चैन छीनकर भागने वाला बदमाश पुलिस की पकड़ से अब तक दूर है। घटित हुई चेन स्नेचिंग कि इस घटना के बाद से ही स्थानीय चौकी क्षेत्र की कुछ महिलाओं ने मॉर्निंग वॉक बंद कर दिया तो कुछ महिलाओं ने आभूषण गहना पहनकर बाहर अकेला निकलना बंद कर दिया। घटना के बाद से ही महिलाओं में दहशत का माहौल व्याप्त है नाराज स्थानीय लोगों ने पुलिस अधीक्षक से छिनैती की घटना का जल्द खुलासे की मांग उठाई है।

# बजरंग दल के प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण के आयोजन को लेकर हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार



चोपन/ सोनभद्र- विश्व हिंदू परिषद सोनभद्र जिला की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष माननीय विद्या शंकर पांडे की अध्यक्षता में रेल कर्मचारी इंटरमीडिएट कॉलेज चोपन के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में 22 मई 2026 से 29 मई 2026 तक के लिए आयोजित बजरंग दल के प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्था को अंतिम स्वरूप प्रदान किया गया। जिलाध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित सभी प्रखंडों एवं जिले के पदाधिकारीयों से व्यवस्था की एक-एक बिंदु पर चर्चा किया सभी जिम्मेदार पदाधिकारीयों का आवाह्न किया कि प्रशिक्षण वर्ग में जिनको जो व्यवस्था दी गई है उसके दायित्व का ठीक प्रकार से निर्वाहन हो जाए इसके लिए 20 मई 2026 से ही कार्यक्रम स्थल पर पूरे कार्यक्रम तक प्रवास करें कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात ही अपने घर को जा सकेंगे। बैठक में वर्ग के प्रमुख जनार्दन, प्रांत उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, वर्ग के व्यवस्था प्रमुख नरसिंह त्रिपाठी प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख, नरेंद्र कुमार विभाग शंकर मंत्री सोनभद्र, जिले के मंत्री हरिशंकर वर्मा जिला उपाध्यक्ष कमलेश दुबे, जिला धमार्चार्य संपर्क प्रमुख बृजेश मोदनवाल, जिला धर्म प्रसार प्रमुख दीपक कुमार सिंह, संतोष कुमार पासवान प्रखंड अध्यक्ष कोन, हृदय निवास पांडे प्रखंड संयोजक बजरंग दल कोन, वीरेंद्र गुप्ता प्रखंड मंत्री कोन, श्रवण कुमार, अजय कुमार सिंह, सोनू मोदनवाल, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# छात्र-छात्राओं को स्टार ऑफ द मंथ से किया गया सम्मानित

**–पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय पल्हारी नगवां में भारतीय भाषा– ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ आयोजन**

**–बच्चों के लिए ज्ञान, संस्कृति और रचनात्मकता का रहा संगम: डॉक्टर बृजेश महादेव।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। भाषा से संवाद, संस्कृति से पहचान, एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करते हुए पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय पल्हारी, नगवां, सोनभद्र में 13 मई 2026 से 19 मई 2026 तक भारतीय भाषा-ग्रीष्मकालीन शिविर (2026) का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं को ₹स्टार ऑफ द मंथ₹ से सम्मानित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र मुकुल आनंद पांडेय एवं खंड शिक्षा अधिकारी नगवां धनंजय कुमार सिंह के संरक्षण तथा डॉ. बृजेश कुमार सिंह ह्यमहादेवह्व के कुशल निर्देशन में आयोजित इस शिविर ने बच्चों को शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति, भाषाई विविधता एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ने का अनूठा अवसर प्रदान किया। सप्ताह भर चले इस विशेष शिविर में बच्चों के लिए दिवसवार रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रथम दिवस बच्चों को विभिन्न भारतीय भाषाओं में अभिवादन एवं परिचय देना सिखाया गया। ह्लनमस्तेह्व, ह्लवणक्कमह्व, ह्लनमस्कारह्व, ह्लसत श्री अकालह्व जैसे अभिवादन शब्दों के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारत की भाषाई विविधता को समझा। द्वितीय दिवस शब्द एवं संवाद गतिविधियों के अंतर्गत दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले शब्दों, सरल संवादों एवं भाषा खेलों का अभ्यास कराया गया, जिससे बच्चों में संवाद कौशल एवं आत्मविश्वास का विकास हुआ। तृतीय दिवस गीत एवं संगीत गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं के गीतों, लोकधुनों एवं समूह गायन में सहभाग किया। संगीत की मधुर प्रस्तुतियों ने विद्यालय परिसर को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। चतुर्थ दिवस कहानी एवं कविता गतिविधियों में बच्चों ने कविता पाठ, कहानी वाचन एवं चित्र देखकर रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। इससे बच्चों की कल्पनाशक्ति, भाषा समझ एवं मंच प्रस्तुति क्षमता में वृद्धि हुई। पंचम दिवस कला, चित्रकला एवं संस्कृति पर आधारित गतिविधियों में विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की वेशभूषा, लोकनृत्य, भोजन एवं त्योहारों की जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने पोस्टर, रंगोली एवं चित्रों के माध्यम से ह्लहमारी संस्कृति-हमारी धरोहरह्व विषय को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। छठवें दिवस इंडियन साइन लैंग्वेज (करछ) गतिविधि के माध्यम से बच्चों को सांकेतिक भाषा के महत्व से परिचित कराया गया। इस सत्र ने बच्चों में संवेदनशीलता, समावेशन एवं सभी के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत किया। अंतिम दिवस पुनरावृत्ति एवं प्रस्तुति दिवस के रूप में आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों ने पूरे सप्ताह सीखी गई गतिविधियों का मंचन किया।

समूह गीत, कविता, संवाद एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन समारोह में प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा प्रत्येक कक्षा से एक छात्र एवं एक छात्रा को स्टार ऑफ द मंथ सम्मान प्रदान किया गया।

# अवकाश के दिनों में घर पर पढ़ाई के साथ करें इंज्वाय, बच्चों को सिखाया गया गुर

**–परमहंस पब्लिक स्कूल एवं पंडित विद्याधर इंटर कालेज कबरी में हुआ समर कैंप का आयोजन।**

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। परमहंस पब्लिक स्कूल एवं पंडित विद्याधर इंटर कॉलेज कबरी में प्रबंधक डॉक्टर धर्मवीर तिवारी के दिशा निर्देश पर मंगलवार को समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को अवकाश के दिनों में पढ़ाई के साथ ही इंज्वाय करने का गुर सिखाया गया। मासिक टेस्ट के उपरांत इस भीषण गर्मी में जब बच्चे एक माह के लिए अवकाश पर घर जा रहे हैं, तब इस गर्मी को समर कैंप के माध्यम से विद्यालय में बच्चों को विविध कार्यक्रमों के जरिए इंज्वाय कराया गया। प्रातः ही छात्र-छात्राएं बड़े उत्साह के साथ विद्यालय पहुंचकर अपने कक्षा-कक्ष को गुब्बारे, हरे पेड़- पौधे एवं सुंदर चित्र के माध्यम से मनमोहक रूप से सजाया था। तदुपरांत बच्चे गीत एवं डांस कर आत्मविभोर हो रहे थे। विद्यालय की तरफ से बच्चों को पॉपकॉर्न, तरबूज, कोल्ड ड्रिंक चॉकलेट इत्यादि खाद्य पदार्थों को खिला-पिलाकर उन्हें एक माह के लिए विदा किया गया। पूरे विद्यालय में उत्सव का माहौल बना रहा। बच्चे और अध्यापक सभी खुश नजर आ रहे थे। संरक्षक सुरेश तिवारी ने बच्चों को भीषण गर्मी से बचने के दिशा-निर्देश दिए तो प्रधानाचार्य ओम प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि ₹इस अवकाश के दिनों को बेकार नहीं जाने देना है ,बल्कि घर पर रहकर शिक्षा ग्रहण करना है।₹ वरिष्ठ अध्यापक श्रवण कुमार पाण्डेय ने कहा कि ₹हम इस धरा को पाकर धन्य हुए हैं, जहां गर्मी, वर्षा और जाड़ा बारी-बारी से आती रहती हैं। हमें इनमें भी उत्सव ढूंढना चाहिए।₹ इस अवसर पर अनुराग त्रिपाठी, कृष्णदेव पाण्डेय, सगीर खान, राजू प्रसाद, पूजा सिंह, पूजा पाण्डेय, श्वेता सिंह, पूजा भारती, पायल सोनी, प्रीति, श्रेया पाण्डेय इत्यादि अध्यापक/ अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# चोपन पुलिस गुम हुई चार नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन अखिलेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस द्वारा तत्परता एवं सक्रियता दिखाते हुए गुम हुई चार नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। अभिभावकों द्वारा थाना चोपन पर अपनी पुत्रियों के गुम होने संबंधी सूचना दी गई थी, जिसके आधार पर थाना चोपन पुलिस द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुए गुमशुदा लड़कियों की तलाश प्रारम्भ की गई। जांच के दौरान सर्विलांस सेल की सहायता से मोबाइल नंबरों की लोकेशन ट्रेस कर चारों नाबालिग लड़कियों को रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र के छपका से सकुशल बरामद किया गया। बरामद लड़कियों को थाना चोपन लाकर आवश्यक कार्यवाही उपरांत उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस की त्वरित कार्यवाही की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# 78 साल के एक्टर अशोक ने कान फेस्टिवल में मचाई धूम

मुंबई। कान फिल्म फेस्टिवल में 78 साल के अभिनेता अशोक सराफ ने भी शिरकत भी की। वह अपनी पत्नी और एक्ट्रेस निवेदिता जोशी सराफ के साथ शामिल हुए। इस मौके पर उनके लुक और पहनावे ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। अशोक सराफ जहां कान फिल्म फेस्टिवल में बंद गले का सफेद कोट पहने नजर आए। वहीं पत्नी निवेदिता ने महाराष्ट्रियन साड़ी पहनी थी, इस पर प्रकृति से प्रेरित चित्र बने थे। दोनों हाथ में हाथ डाले, कान फेस्टिवल के रेड कारपेट पर चले। सोशल मीडिया पर फैंस ने इनके लुक और अंदाज को खूब पसंद किया। अशोक सराफ के करियर फ्रंट की बात करें तो वह मराठी और हिंदी फिल्मों में उम्दा किरदार निभाने के लिए जाने जाते हैं। मराठी फिल्म जानकी से बतौर एक्टर उन्होंने शुरुआत की थी। इसके बाद वह बलाचे बाप ब्रह्मचारी, भूतचा भाऊ और धूम धड़ाका जैसी मराठी फिल्मों में नजर आए।

लाइफ Style


# सारा

## एक बार धोखेबाज का टैग लग गया तो हटता नहीं

सारा अली खान अक्सर अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। अब सारा अली खान ने धोखा और धोखेबाज को लेकर बात की। सारा अली खान और आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'पति पत्नी और वो दो'को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

फिल्म प्यार, शादी, शक और धोखे पर आधारित है। इस बीच सारा अली खान ने रिश्ते में चीट करने यानी धोखा देने को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने 'वन्स अ चीटर ऑलवेज अ चीटर'वाली कहावत पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। हाल ही में एक बातचीत के दौरान जब सारा अली खान से 'वन्स अ चीटर ऑलवेज अ चीटर'वाली थ्योरी पर राय मांगी गई, तो एक्ट्रेस ने इससे सहमति जताई। सारा ने कहा, 'मैं मानती हूं कि एक बार धोखा देने वाला, हमेशा धोखेबाज होता है। क्योंकि, उसने धोखा दिया है। धोखेबाज की परिभाषा क्या है? अगर किसी ने धोखा दिया है, तो वह धोखेबाज है।' हालांकि, फिल्म के साथी कलाकारों आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह ने सारा के मत से सहमति नहीं जताई। आयुष्मान खुराना ने इस कहावत पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'एक बार धोखा देने वाले से एक बार धोखा देने वाले बनने तक का सफर होता है। कोई भी जन्म से धोखा देने वाला नहीं होता।'वहीं ,रकुल प्रीत सिंह ने भी आयुष्मान से सहमति जताते हुए कहा कि जरूरी नहीं कि वह व्यक्ति दोबारा धोखा दे। हालांकि, सारा इससे सहमत नहीं थीं और उन्होंने कहा, 'आपको धोखेबाज का लेबल लग जाता है और इसे बदला नहीं जा सकता। अगर वह धोखेबाज है, तो संभावना है कि वह दोबारा धोखा देगा, लेकिन शायद नहीं भी दे।



हॉलीवुड मसाला




# सिल्वेस्टर -जेनिफर ने मनाई शादी की सालगिरह

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर एक्टर सिल्वेस्टर स्टेलोन (रॉकी) और उनकी पत्नी जेनिफर फ्लेविन ने अपनी शादी के 29 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर सिल्वेस्टर ने सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी के लिए एक बेहद प्यारा संदेश लिखा है। सिल्वेस्टर ने पत्नी जेनिफर के साथ अपनी एक खूबसूरत तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की। इस खास तस्वीर के साथ उन्होंने शादी की सालगिरह की बधाई देते हुए कैप्शन में लिखा, 'तुम मेरी जिंदगी को मतलब देती हो।' सिल्वेस्टर की इस पोस्ट को फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं। लोगों ने कमेंट सेक्शन में इस जोड़ी को 'खूबसूरत और प्यारा जोड़ा' बताया। इसके साथ ही फैंस ने उन्हें शादी की सालगिरह की ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं।



# गर्लफ्रेंड एलिस के साथ तीसरे बच्चे का स्वागत करेंगे जेमी

लॉस एंजिल्स। जेमी फॉक्स जल्द ही तीसरी बार पिता बनने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी गर्लफ्रेंड एलिस हक्सटेप प्रेग्नेंट हैं और दोनों अपने पहले बच्चे का स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं। बता दें कि जेमी फॉक्स पहले से दो बेटियों के पिता हैं। उनकी बड़ी बेटी कोरिन फॉक्स एक्स पार्टनर कॉनी क्लाइन से हैं, जबकि दूसरी बेटी क्रिस्टिन ग्रैनिस से हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसी साल जनवरी 2025 में खबरें आई थीं कि जेमी फॉक्स और एलिस हक्स्टेप का ब्रेकअप हो गया है। उस वक्त एक सोर्स ने बताया था कि जेमी अपने काम में काफी बिजी हैं और उनकी जिंदगी में बहुत कुछ चल रहा है। हालांकि, बाद में दोनों फिर साथ नजर आए। उन्हें कई बार एक साथ स्पॉट किया गया, जिसमें मलिबू और मियामी की आउटिंग्स भी शामिल थीं। जेमी फॉक्स और एलिस हक्स्टेप का नाम पहली बार साल 2022 में जुड़ा था, जब दोनों को कान्स में एक यॉट पर साथ देखा गया था। इसके कुछ समय बाद एलिस, जेमी की फिल्म डे शिफ्ट के प्रीमियर में भी उनके साथ नजर आई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, साल 2023 में जेमी फॉक्स की हेल्थ इमरजेंसी के दौरान भी एलिस उनके साथ मजबूती से खड़ी रहीं। उस समय एक्टर को ब्रेन ब्लीड और स्ट्रोक की समस्या हुई थी।



# कान से सामने आया हुमा का दमदार लुक

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने हाल ही में कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में शिरकत की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कान से अपना एक और दमदार लुक शेयर कर फैंस का दिल जीत लिया है। हुमा के फैंस उनकी इस लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। हुमा कुरैशी का कान फिल्म फेस्टिवल से एक नया लुक सामने आया है। इस नए लुक में हुमा एक शानदार काले गाउन में बेहद ही खूबसूरती से पोज देती नजर आ रही हैं। रेड कार्पेट पर जाने से पहले हुमा का यह बेबाक और ग्लैमरस अंदाज उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। ब्लैक गाउन के साथ हुमा ने अपने इस लुक को स्टेटमेंट डायमंड ज्वेलरी के साथ स्टाइल किया है। कान से अपनी इन शानदार तस्वीरों को हुमा ने इंस्टग्राम पर शेयर किया है। इस लुक के साथ हुमा ने कैप्शन में लिखा, 'अगर आप कान में मिलें, तो मुझे पकड़ लीजिएगा।



# भूमि ने की दलाई लामा से मुलाकात

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने हाल ही में दलाई लामा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। भूमि ने इस मुलाकात को बहुत खास और यादगार बताया। भूमि ने इंस्टाग्राम पर दलाई लामा से मुलाकात की कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'दलाई लामा के पास सब कुछ हल्का, शांत और अलौकिक लग रहा था।' जब वह वहां से निकलीं तो उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने लिखा, 'यह एक ऐसा एहसास है, जिसे मैं शब्दों में बता नहीं सकती, सिर्फ महसूस कर सकती हूं।' भूमि ने इस पोस्ट में कई तस्वीरें शेयर कीं। इनमें वह दलाई लामा के सामने सिर झुकाते हुए और भावुक होते हुए दिख रही हैं। कुछ तस्वीरों में मठ का शांत वातावरण भी दिख रहा है।

टीवी मसाला



# सबा ने पूरी की सीरीज स्टॉर्म की शूटिंग बॉयफ्रेंड ऋतिक ने की है प्रोड्यूस

मुंबई। बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड व अभिनेत्री सबा आजाद जल्द ही ऋतिक के प्रोडक्शन हाउस एचआरएक्स फिल्म्स के बैनर तले बन रहे अगले प्रोजेक्ट में नजर आएंगी। हाल ही में सबा ने खुलासा किया कि उन्होंने आगामी थ्रिलर सीरीज 'स्टॉर्म'की शूटिंग पूरी कर ली है। सबा ने अपने सीरीज की कहानी और अपने किरदार को लेकर बात की। एक बातचीत के दौरान सबा आजाद ने बताया कि इस भूमिका ने उन्हें इमोशनली बहुत प्रभावित किया। उन्होंने इस किरदार को अपने करियर की अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण परफॉर्मेंस में से एक बताया। सीरीज में काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया मेरे लिए काफी हैरान करने वाली और शानदार रही। इस सीरीज ने मुझे उन तरीकों से झकझोर दिया, जिनकी मैंने उम्मीद नहीं की थी। मुझे लगता है कि मैं इसे घर ले गई और मुझे नहीं लगता कि मैं पहले कभी किसी किरदार को घर ले गई हूं। मैं लोगों के इसे देखने के लिए काफी उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि उस शो में कुछ बेहतरीन कलाकार हैं और अजीतपाल सिंह (निर्देशक) एक जीनियस हैं। स्टॉर्म की कहानी मुंबई में हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े एक घोटाले में फंसी पांच महिलाओं के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, ये महिलाएं भ्रष्टाचार, धोखे और मुंबई जैसे शहर में अपने जीवन के संघर्ष से जूझती नजर आती हैं।

## पंचायत सीजन 5 को लेकर सामने आई नई जानकारी

नई दिल्ली। ओटीटी की दुनिया का लोकप्रिय शो पंचायत के अगले यानी पांचवें सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले साल सीरीज का चौथा सीजन आया था, जिसका अंत एक रोमांचक मोड़ पर हुआ था। इसके बाद से ही फैंस सीरीज के पांचवें सीजन का इंतजार कर रहे हैं।



ओटीटी प्लेटफॉर्म ने पिछले महीने शो की आधिकारिक घोषणा की थी। अब शो को लेकर कुछ नई जानकारी सामने आई है। पिछले महीने अपने आगामी सीजन को लेकर जब प्राइम वीडियो ने घोषणा की थी, तब उसमें 'पंचायत' सीजन 5 का नाम भी शामिल था। पंचायत का पांचवां सीजन इसी साल 2026 में रिलीज होगा। हालांकि, सीरीज की कंफर्म रिलीज डेट का दर्शक अभी भी बेसबी से इंतजार कर रहे हैं। पांचवें सीजन में कहानी और भी आगे बढ़ेगी। मेकर्स ने पहले ही इस बात का संकेत दे दिया था कि इस सीजन में चौथे सीजन में अधूरे रह गए सवालों के जवाब मिलेंगे। साथ ही संभव है कि कई ट्विस्ट भी इस बार कहानी में नजर आएंगे। जानकारी के मुताबिक, इस सीजन में सचिव जी अभिषेक त्रिपाठी को फुलेरा में एक कठिन दौर का सामना करना पड़ेगा।

# अमिताभ ने दिखाया ईरान का 134 साल पुराना एकमात्र हिंदू विष्णु मंदिर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमिताभ बच्चन ने ईरान के बंदर अब्बास शहर में बने 134 साल पुराने हिंदू विष्णु मंदिर का एक अनदेखा वीडियो शेयर किया है, जो बहुत ही प्यारा है। इस वीडियो को शेयर कर अमिताभ ने भारत और ईरान के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक रिश्तों की झलक और उसकी अहमियत दिखाने की कोशिश की है। अमिताभ बच्चन के इस पोस्ट ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। फेसबुक पर शेयर किए विष्णु भगवान के मंदिर के इस वीडियो को देख फैंस ने कहा कि यह अमिताभ बच्चन का साल का सबसे बेहतरीन पोस्ट है। विष्णु मंदिर का वीडियो शेयर कर अमिताभ बच्चन ने लिखा है, 'ईरान के बंदर अब्बास शहर में स्थित प्राचीन हिंदू विष्णु मंदिर। काजर काल में 1892 में निर्मित, यह मंदिर शहर में काम करने वाले भारत के हिंदू व्यापारियों के लिए बनाया गया था। गाना फारसी भाषा में है।' वीडियो में 134 साल पुराने बने मंदिर की पुरानी बनावट नजर आ रही है। साथ में विष्णु भगवान की उस सदी की मूर्तियां और नक्काशी दिख रही है। अमिताभ बच्चन जल्द की 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल में नजर आएंगे, जिसके लिए उन्होंने कुछ हफ्ते पहले कमल हासन के साथ शूटिंग भी की थी। इसके अलावा नितेश तिवारी की 'रामायणम्' के लिए भी उनके नाम की चर्चा है, पर अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।



# वेलकम टू द जंगल का टाइटल ट्रैक रिलीज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, दिशा पाटनी, जैकलीन, रवीना टंडन सहित कई चर्चित सितारों से सजी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। इतने सारे सितारे जहां होंगे, वहां एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलना पक्का है। इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है और काफी धमाकेदार है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का गाना सोमवार को आया है। इसमें एक्शन भी है, इमोशन भी हैं और भरपूर कॉमेडी का डोज है। जंगल का इलाका है और अक्षय कुमार अपनी टोली के साथ वहां मौजूद हैं। जंगल में एक से बढ़कर एक चैलेंज सामने आते हैं। पूरी टोली सर्वाइव करती है। साथ में मस्ती भी भरपूर होती है। इस टाइटल ट्रैक के जरिए यह बात कंफर्म हो चुकी है कि अक्षय कुमार का फिल्म में डबल रोल है। अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से यह गाना साझा किया है। उन्होंने इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'इस जंगल में अब दहाड़ भी होगी और शोर भी होगा। फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है'। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म बॉलीवुड की पॉपुलर 'वेलकम' फ्रेंचाईजी की तीसरी किस्त है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा अरशद वारसी, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, राजपाल यादव, रवीना टंडन और कीकू शारदा सहित कई चर्चित सितारे हैं। इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है। फिल्म के गाने की बात करें तो गाने की तो इसे संगीतकार जोड़ी साजिद-वाजिद ने कंपोज किया है। इस गाने को रीक्रिएट संस्करण के साथ जारी किया गया है। पहले की तरह इस बार भी आवाज शान ने दी है।

## डबल रोल निभाएंगे अक्षय



### अपनी अदाकारी से ऐसी छाप छोड़ी, जिसे शायद ही मिटाया जा सकता है

# बॉलीवुड की पहली पढ़ी-लिखी एक्ट्रेस, अंग्रेजों के नाक में किया था दम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लीला लिटनिस आज के दौर में आपने यह नाम नहीं सुना होगा। वह भले ही मीना कुमारी, मधुबाला और मुमताज जैसी पॉपुलर नहीं हुईं, लेकिन उन्होंने सिनेमा में अपनी अदाकारी से ऐसी छाप छोड़ी जिसे शायद ही मिटाया जा सकता है। कर्नाटक में 9 सितंबर 1909 को मराठी परिवार में जन्मीं लीला लिटनिस हिंदी सिनेमा की पहली पढ़ी-लिखी एक्ट्रेस थीं। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर प्रोफेसर थे। ऐसे में परिवार में शिक्षा को लेकर जुनून होना तो तय था। उन्होंने भी खूब पढ़ाई की और उस वक्त बीए की डिग्री हासिल की। लीला लिटनिस ने सिनेमा में कदम रखा, कभी एक्स्ट्रा बनीं तो कभी साइड रोल मिला। मगर कम लोग जानते हैं कि अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले एक टीचर थीं।



### अंग्रेजों के खिलाफ उठाई आवाज

लीला लिटनिस करीब 15-16 साल की थी, जब उनकी शादी डॉक्टर गजानन यशवंत चिटनिस से हो गई थी। दोनों के चार बेटे हुए। इस दौरान लीला अपने पति के साथ अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठा भी उठा रही थीं। उन्होंने अपने घर में एक मशहूर फ्रीडम फाइटर एम.एन रॉय को पनाह दी थी, बिना इस डर के कि अगर किसी को पता चला तो उन्हें गिरफ्तार भी किया जा सकता है। खैर, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के बीच उनकी जिंदगी में एक ऐसा दौर भी आया जब उन्हें अपने संघर्ष से लड़ना पड़ा।

### अकेले की चार बच्चों की परवरिश

जब लीला अपने पति गजानन से तलाक लेकर अलग हुई तो उन्होंने अपने चार बच्चों की अकेले परवरिश करने का फैसला किया। पहले उन्होंने टीचिंग की और फिर थिएटर ज्वॉइन किया। इसके बाद उन्होंने फिल्मों में कदम रखने का फैसला किया। मगर यह भी कहां आसान था।

### गुमनामी में बीता आखिरी पल

लीला लिटनिस ने हिंदी सिनेमा में करीब 5 दशक तक काम किया। 30s से लेकर 80s तक काम किया और इसके बाद अपने बड़े बेटे के साथ यूएसए में शिफ्ट हो गईं। आखिरी पल उन्होंने बिना किसी लाइमलाइट के गुमनामी में बिताया। साल 2003 में 93 साल की उम्र में एक्ट्रेस का निधन हो गया था।

### 'एक्स्ट्रा' फिल्मों में किया काम

*जब लीला इंडस्ट्री में आईं तो उन्होंने बहुत संघर्ष देखा। उन्होंने कई फिल्मों में 'एक्स्ट्रा' के तौर पर काम किया और फिर साल 1937 में फिल्म जेंटलमैन डाकू से बड़ा ब्रेक मिला। लीला लिटनिस कॅरियर को संवारने वाली फिल्म कंगन साबित हुई जिसके बाद वह लीडिंग लेडी बन गईं।*

### मां के किरदार से मिली पहचान

*लीडिंग रोल्स करने के बावजूद लीला लिटनिस को असली पहचान मां के किरदार से मिले। वह दिलीप कुमार से लेकर राज कपूर और देव आनंद जैसे सुपरस्टार्स की मां की भूमिका निभा चुकी हैं। फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ वह डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के तौर पर भी काम कर चुकी हैं। उनकी इकलौती फिल्म आज की बात को उन्होंने ही डायरेक्ट किया था। मगर फिल्म न चलने के बाद वह फिर से एक्टिंग में आ गई थीं। आपको बता दें कि लीला पहली अभिनेत्री थीं, जिन्होंने Lux का ऐड किया था।*